पारा आपडेट
मैक्सिमम 28.00 | मिनीमम 22.00
सूर्यास्त (आज) 18.35
सूर्योदय (कल) 05.15
बोकारो से प्रकाशित

संसेक्स 76,391.39 ● निफ्टी 23,869.60 ● डॉलर 96.58 ₹ ● सोना 1,43,330 ₹ ● चांदी 2,45,000 ₹

पेज 06 केंद्र सरकार से इस्तीफा मांग रही...
पेज 08 कृषि योजनाओं की समीक्षा करने...
पेज 12



हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी संवत 2083

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शुक्रवार 24 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 09 अंक : 24 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

आवश्यकता

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com
Phone - 91025 69636, 92625 78999

## संसद के भीतर और बाहर गतिरोध जारी : संसद भवन परिसर में राजग और इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

# छात्रों के मुद्दे पर एक-दूसरे पर लगाया राजनीति करने का आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** छात्रों के मुद्दे पर संसद के भीतर जारी गतिरोध के बीच सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में मकर द्वार पर एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की और प्रदर्शन करते हुए छात्रों के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया।





एनडीए सांसदों ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले पर संसद में चर्चा कराने की मांग करते हुए कांग्रेस पर बहस से बचने का आरोप लगाया। दूसरी ओर, इंडिया गठबंधन के सांसदों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए सरकार पर छात्रों की समस्याओं की अनदेखी करने तथा विरोध कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग कराने का आरोप लगाया।

विपक्ष के प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले तथा विपक्षी दलों के कई अन्य सांसद शामिल हुए। सांसदों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग वाला बैनर भी प्रदर्शित किया।

इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार नीट प्रश्नपत्र लीक मामले पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को बहस में भाग लेना चाहिए। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस संसद के भीतर चर्चा से बच रही है, जबकि सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार को सबसे पहले श्री प्रधान को पद से हटाना चाहिए और छात्रों पर बल प्रयोग करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों का व्यवस्था से विश्वास उठ चुका है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार छात्रों की जायज मांगों को सुनने के बजाय उन पर लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पेपर लीक की घटनाओं के लिए सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और शिक्षा मंत्री को पद छोड़ देना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### अनंतनाग हमले में पुलिसकर्मी की हत्या के बाद कश्मीर में हाई अलर्ट

**श्रीनगर।** अनंतनाग के लाल चौक इलाके में बुधवार दोपहर को हुए आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी की हत्या के बाद कश्मीर में सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा बल निगरानी बढ़ा रहे हैं, चेकपॉइंट्स को मजबूत कर रहे हैं और तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस बीच सीआरपीएफ के श्रीनगर सेक्टर ने कहा कि अनंतनाग में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे कश्मीर में सुरक्षा को हाई अलर्ट पर रखा गया है।कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाबलों ने निगरानी बढ़ा दी है, चेकपॉइंट्स को मजबूत किया है और तलाशी अभियान शुरू किए हैं। नागरिकों से सतर्क रहने और सुरक्षाबलों का सहयोग करने की अपील की गई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आज श्रीनगर के लोक भवन में सुरक्षा स्थिति और अमरनाथ यात्रा की समीक्षा के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अनंतनाग के लाल चौक इलाके में आतंकवादियों ने कल दोपहर हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन को बहुत करीब से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने सोनम रघुवंशी की जमानत रद्द की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेघालय में अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपित सोनम रघुवंशी को मिली जमानत को निरस्त कर दिया है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोनम रघुवंशी को तीन हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान मेघालय सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि सोनम ने खुद सरेंडर किया था। सोनम को खुद पता था कि उसकी तलाश किस गुनाह में है। उन्होंने कहा था कि सोनम को गिरफ्तारी के आधार बताए गए थे। उसके भाई को उसकी गिरफ्तारी की जानकारी दी गई थी। मेहता ने कहा कि गिरफ्तारी के दस्तावेज में हुई गलती टाइपिंग की गलती थी। सोनम रघुवंशी की ओर से पेश वकील ने कहा था कि इस मामले को मीडिया ने तूल दे दिया। यह परिस्थितिजन्य साक्ष्य का मामला है। तब उच्चतम न्यायालय ने सोनम के वकील से कहा था कि कोर्ट के पास दो विकल्प हैं। या तो हम गुण-दोष के आधार पर विचार करेंगे और आदेश पारित करेंगे या हम गवाहों की जांच होने तक सरेंडर करने का आदेश पारित करेंगे। आप इस पर निर्देश लेकर कोर्ट को बताएं। याचिका मेघायल सरकार ने दायर की थी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की घोषणा, बोले

# पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को मिलेगा कठोर दंड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) पेपर लीक मामले को लेकर हो रहे व्यापक प्रदर्शनों के बीच सरकार ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कहा है कि पेपर लीक के दोषियों को जल्द कठोर दंड देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्वयं इस निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि युवाओं का हित और उनका भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक



के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए, मामले के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। इस संबंध में निर्देश दे दिए गये हैं कि संबंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए, सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों की श्रृंखला में ये एक महत्वपूर्ण कदम है।' श्री मोदी ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### सरकार युवाओं के भविष्य और हितों की रक्षा करने के लिये प्रतिबद्ध : नड्डा



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि सरकार युवाओं के भविष्य और हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री नड्डा ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'पेपर लीक जैसी गंभीर चुनौती से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का श्री मोदी का संकल्प, युवाओं के प्रति हमारी सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि इसके विपरीत विपक्ष और उसके नेता श्री गांधी संसद में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सार्थक चर्चा करने से बच रहे हैं। विपक्षी दल इसके बजाय सड़कों पर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत उनके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को दर्शाता है।

## सरकार वार्ता को तैयार, आंदोलनकारी छात्र आवास या कार्यालय पर आएं : नड्डा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को कहा कि जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रों से सरकार बातचीत के लिए तैयार है। इसके लिए छात्रों को उनके आवास या फिर कार्यालय आना होगा।

संसद परिसर में जेपी नड्डा ने कहा, 'हां, हम तैयार हैं। हमारे घर या हमारे आधिकारिक कार्यालय आ जाइए।' वहीं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ये स्पष्ट कर दिया है कि जो दोषी हैं उन पर फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर कड़ी सजा दी जाएगी। हमारा कांग्रेस और विपक्ष से अनुरोध है कि इस विषय का राजनीतिकरण ना करें। भागें मत, चर्चा कीजिए।

कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं ने 20 जुलाई को जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की थी और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद बुधवार को दोबारा बातचीत के लिए आमंत्रित करने पर सीजेपी नेताओं ने कहा था कि वह उनके आवास या कार्यालय पर नहीं जाएंगे बल्कि किसी अन्य स्थान पर बातचीत के लिए तैयार हैं।

इसके पहले, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि आंदोलनकारी छात्रों से सरकार कहीं भी बातचीत के लिए तैयार है। दूसरी और सीजेपी सूत्रों के मुताबिक वह सरकार से किसी भी तरह की बातचीत उनके ऑफिस या घर पर नहीं करेगी।

### अमृतसर पुलिस ने सीमा पार हथियार और ड्रग तस्करी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से संचालित अवैध हथियार और मादक पदार्थ तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से छह अत्याधुनिक पिस्तौल, एक किलोग्राम हेरोइन, एक किलोग्राम अफीम तथा 10 हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद की है।

## नीट पेपर लीक पर गतिरोध खत्म करने की कोशिश

# केंद्र सरकार बुला सकती है सर्वदलीय फ्लोर लीडर्स की बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर संसद के मानसून सत्र में दोनों सदनों में पिछले चार दिनों से गतिरोध जारी है। इसे लेकर सत्ता और विपक्ष में टकराव के कारण सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है।



संसद के मानसून सत्र में नीट पेपर लीक मामले पर जारी गतिरोध खत्म करने के लिए केंद्र सरकार विभिन्न राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स की बैठक बुला सकती है। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष के लगातार विरोध और हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित हो रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सभी दलों के फ्लोर लीडर्स से अपील की कि वे चर्चा की अवधि और नियमों पर सहमति बनाएं, ताकि सदन में सार्थक बहस हो सके।

सरकार की इस पहल का उद्देश्य संसद में जारी गतिरोध समाप्त करना और नीट पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा का रास्ता साफ करना है। विपक्ष लगातार इस मामले पर विस्तृत चर्चा और जवाबदेही की मांग कर रहा है। सरकार भी बिना शर्त चर्चा के लिए तैयार है। शुक्रवार को दोनों सदन की कार्यवाही चलाने को लेकर सहमति बनाने की कोशिश सरकार कर सकती है।

# पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाये जाने पर विपक्ष ने जताया विरोध, धर्मेंद्र प्रधान का मांगा इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के ऐलान की आलोचना की।

राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सरकार ने मिलकर के देश के युवाओं के भविष्य को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। गांधी ने कहा कि सरकार ने न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था पर पूरा कब्जा होने और उसे



बर्बाद होने दिया, उसे बढ़ावा भी दिया और इसके जिम्मेदार हर व्यक्ति को संरक्षण दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार के सामने तीन मांगें रखी है, पहला धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाएं जाए, दूसरा छात्रों से माफी मांगे और तीसरा छात्रों के साथ हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

### आंदोलन को दबाने की 'लीपापोती' : केजरीवाल



साथ ही आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए इसे छात्रों के आंदोलन को दबाने की 'लीपापोती' करार दिया और मांग की कि सरकार को फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के बजाय पेपर लीक के इस पूरे रैकेट और इसमें शामिल बड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।
अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज सुबह प्रधानमंत्री ने ऐलान किया है पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट तो पहले ही बहुत बने थे, पोक्सो के लिए, रेप केस जैसे कई मुद्दो पर बने है लेकिन उनमें सुनवाई तो होती नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सारी बाते कही लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की बीत क्यों नही की। केजरीवाल ने दुख जताते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ प्रदर्शन में जो व्यवहार किया गया उस पर सरकार चुप क्यो थी, कोई भी कार्रवाई क्यों नहीं किया गया।
अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हर साल पेपर लीक का मामला सामने आता है लेकिन प्रधानमंत्री ने एक भी ऐसी बात नही की कि अगले साल नीट पेपर लीक नही होगा। विपक्ष ने सरकार से धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफे और हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

## क्षमता विस्तार › भारतीय रेलवे का बड़ा फैसला, ट्रेनों की रफ्तार को लगेंगे पंख

# निमपुरा और मिदनापुर के बीच बिछेगी तीसरी रेल लाइन

## 14.52 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन के निर्माण में खर्च होंगे 440 करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने दक्षिण पूर्व रेलवे के निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन और मिदनापुर के बीच 14.52 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। 440 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना ज्यादा इस्तेमाल होने वाले नेटवर्क पर यात्री और मालगाड़ियों के परिचालन को अधिक सुगम बनाने के साथ-साथ माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह परियोजना भारतीय रेलवे की उच्च घनत्व वाले रेल मार्गों पर क्षमता विस्तार की योजना का हिस्सा है। इसका



उद्देश्य बढ़ती यात्री और माल परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करना, परिचालन क्षमता में सुधार करना तथा उद्योगों और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

### परियोजना पूरी होने के बाद प्रतिवर्ष अतिरिक्त 3.52 मिलियन टन माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी

परियोजना पूरी होने के बाद इस मार्ग पर प्रतिवर्ष अतिरिक्त 3.52 मिलियन टन माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी। इससे कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट और अन्य आवश्यक वस्तुओं के परिवहन को गति मिलेगी, परिचालन संबंधी बाधाएं कम होंगी तथा उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों को बेहतर रेल संपर्क का लाभ मिलेगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह परियोजना भारतीय रेलवे की क्षमता विस्तार और आधुनिक, दक्ष तथा भविष्य के लिए तैयार रेल नेटवर्क विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित तीसरी लाइन दक्षिण पूर्व रेलवे के निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन से मिदनापुर तक 14.52 किलोमीटर लंबी होगी। यह खंड हाई यूटिलाइजेशन नेटवर्क (एचयूएन-2) का हिस्सा है। वर्तमान में निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन-गोकुलपुर खंड एकल रेल लाइन है, जबकि इसके दोहरीकरण का कार्य पहले से जारी है। तीसरी लाइन बनने से इस रणनीतिक रेल मार्ग की क्षमता और परिचालन लचीलापन काफी बढ़ जाएगा।

इस रेल मार्ग पर यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मैंगनीज, लौह अयस्क, कंटेनर, कोयला, क्लिंकर, पेलेट आयरन, इस्पात, गेहूं, पत्थर, स्लीपर, स्लैग, नमक, चावल, पेट्रोलियम उत्पाद, चूना पत्थर, जिप्सम, उर्वरक, खाद्य तेल, सीमेंट और अन्य आवश्यक वस्तुओं का बड़े पैमाने पर परिवहन होता है। इस मार्ग पर वर्तमान में लगभग 23.80 मिलियन टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) माल ढुलाई होती है।

रेल मंत्रालय ने बताया कि इस खंड पर लाइन क्षमता का उपयोग 115.71 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जिससे यहां अत्यधिक दबाव की स्थिति बनी हुई है। तीसरी लाइन के निर्माण से इस भीड़भाड़ में कमी आएगी, यात्री और मालगाड़ियों का संचालन अधिक सुचारु होगा तथा नेटवर्क की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

## ताजमहल के पास उद्योग लगाने को सुप्रीम कोर्ट ने दी हरी झंडी

● करीब 400 उद्योग लगाने को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ताजमहल के आसपास करीब 400 उद्योग लगाने को हरी झंडी दे दी है। हालांकि मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने साफ किया कि ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) अथॉरिटी के आसपास केवल गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को मंजूरी दी जाएगी।

टीटीजेड करीब दस हजार चार सौ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला संरक्षित इलाका है जिसे ताजमहल और आगरा के दूसरे ऐतिहासिक स्मारकों को प्रदूषण से बचाने के लिए बनाया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरणीय अध्ययन और टीटीजेड के विजन डॉक्यूमेंट तैयार होने में हो रही देरी के कारण लंबित औद्योगिक आवेदनों पर अनिश्चितकालीन रोक नहीं लगाई जा सकती है। टीटीजेड अथॉरिटी लंबित आवेदनों पर विचार कर सकती है लेकिन इसके लिए नेशनल एन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (नीरी) और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी के विशेषज्ञों की सहमति जरूरी होगी।

सुनवाई के दौरान एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि नये उद्योगों पर पूरी तरह रोक लगाने से लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदन मुख्य रुप से लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र से जुड़े हुए हैं न कि भारी उद्योगों से।

# सदर अस्पताल पहुंचे डीसी, चिकित्सा सुविधाओं का लिया जायजा



वरीय संवाददाता

**रांची।** जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से रांची सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीटी स्कैन, एमआरआई, पैथोलॉजी, ओपीडी, शिशु वार्ड, ऑर्थोपेडिक वार्ड सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने दवा उपलब्धता, साफ-सफाई, स्टाफ की उपस्थिति, मरीजों की सुविधा और अस्पताल के बुनियादी ढांचे की समीक्षा की।

उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया।

### मरीजों से बातचीत, बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश

डीसी ने एक बुजुर्ग महिला से मुलाकात कर उनके इलाज की जानकारी ली और संबंधित चिकित्सक को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं ऑर्थोपेडिक वार्ड में भर्ती एक बच्चे के परिजनों ने अस्पताल की सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां निजी अस्पताल जैसी सुविधाएं कम खर्च में उपलब्ध हो रही हैं और दवाइयां भी समय पर मिल रही हैं।

### बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की अपील

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने एक छोटे बच्चे को मोबाइल चलाते देखा।

उन्होंने बच्चे की मां से बातचीत करते हुए कम उम्र में मोबाइल के अधिक उपयोग से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को मोबाइल देने से बचना चाहिए और माता-पिता को उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहिए।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहा सदर अस्पताल

सदर अस्पताल में 128 स्लाइस सीटी स्कैन, एमआरआई, 247 अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे, टेलीरेडियोलॉजी, टेली-आईसीयू, डायलिसिस, ईसीजी, ट्रेडमिल टेस्ट सहित कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल में इकोकार्डियोग्राफी, न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, नर्व कंडक्शन टेस्ट और ईईजी जैसी सेवाएं भी संचालित हैं। इसके अलावा अगले तीन माह में कैथ लैब और पीईटी स्कैन तथा छह माह के भीतर बोन मैरो ट्रांसप्लांट सुविधा शुरू करने की तैयारी है। भविष्य में सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं और रोबोटिक सर्जरी शुरू करने की भी योजना है। उपायुक्त ने बताया कि सदर अस्पताल की सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाती है, जिसमें नई सुविधाओं और उपकरणों की खरीद पर निर्णय लिया जाता है। उन्होंने आम लोगों से किसी भी समस्या की जानकारी जिला प्रशासन को देने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### 39 साल पुराने 200 की रिश्वत के मामले में भोलू मंडल बरी, हाई कोर्ट ने सुनाया फैसला

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एके राय की अदालत ने 200 रुपये रिश्वत लेने के 39 वर्ष पुराने मामले में धनबाद की बासंतीमाता कोलियरी के कर्मचारी भोलू मंडल को बरी कर दिया। अदालत ने वर्ष 2002 में विशेष सीबीआइ अदालत द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि और दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में केवल रिश्वत की राशि की बरामदगी या स्वीकार करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि रिश्वत की मांग सिद्ध होना भी अनिवार्य है। मामला वर्ष 1987 का है। आरोप था कि मृत कर्मचारी की भविष्य निधि (पीएफ) और ग्रेच्युटी की राशि जारी कराने के लिए भोलू मंडल ने 200 रुपये तथा एक अन्य कर्मचारी डब्ल्यूएच खान ने 300 रुपये रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने ट्रैप बिछाकर दोनों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद विशेष सीबीआई अदालत ने भोलू मंडल को दोषी ठहराते हुए दो वर्ष की सजा और 300 रुपये जुमार्ना लगाया था। अपील की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पाया कि शिकायतकर्ता सुखलाल दास की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो जाने से उनका बयान दर्ज नहीं हो सका।

### प्रस्तावित फुटबॉल ग्राउंड के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर, सोमवर को होगी सुनवाई

**रांची।** हाईकोर्ट परिसर में फुटबॉल ग्राउंड बनाए जाने के मुद्दे को लेकर झारंखड हाईकोर्ट के वकीलों ने अब कानूनी रुख अख्तियार किया है। फुटबॉल ग्राउंड बनाए जाने से हाईकोर्ट के वकील सहमत नहीं दिख रहे हैं और इस मामले को लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। इस याचिका को गुरुवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट में मेंशन किया और जल्द सुनवाई का आग्रह किया. वकीलों के मेंशन आग्रह को स्वीकार करते हुए अदालत ने याचिका से जुड़े पक्षकारों को नोटिस जारी किया है और याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार (27 जुलाई) की तिथि निर्धारित की है। यह जानकारी हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के महासचिव नवीन कुमार ने दी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के कई वकील कोर्ट में उपस्थित रहे। याचिका में कहा गया है कि अगर हाईकोर्ट परिसर में खाली भूमि पर फुटबॉल ग्राउंड बनाने का प्रस्ताव है तो उसकी जगह वकीलों के लिए चैंबर और नये वकीलों के बैठने के लिए जगह बना दी जाए. क्योंकि फिलहाल जितनी जगह उपलब्ध है वह काफी नहीं है।

### जब सत्ता नहीं सुनती, तब सड़कें बोलती हैं: सुखदेव भगत

**रांची।** नीट समेत देश की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों को लेकर लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब संसद में छात्रों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर सरकार जवाब देने से बचती है, तब लोकतंत्र में सड़कें आवाज उठाने का माध्यम बन जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों युवाओं का भविष्य अनिश्चितता के भंवर में फंस गया है, लेकिन केंद्र सरकार इस गंभीर संकट पर संवेदनशीलता नहीं दिखा रही है। कहा कि कांग्रेस लगातार नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मुद्दे को संसद से लेकर सड़क तक उठाती रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले दो वर्षों से लगातार इस विषय पर चर्चा, जवाबदेही और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग करते रहे हैं, लेकिन सरकार ने इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया।

### लोकतांत्रिक विरोध भी भाजपा से बर्दाश्त नहीं, झारखंड में दिखा तानाशाही चेहरा : आलोक दूबे

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यालय घेराव कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी-डंडे, अंडे, टमाटर और पत्थरों से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम में केवल कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि भाजपा के बड़े नेता और मंत्री भी शामिल रहे। कहा कि एक ओर दिल्ली के जंतर-मंतर पर आरएसएस और भाजपा के लोग कथित रूप से सिविल ड्रेस में पुलिस के साथ मिलकर आंदोलनरत छात्रों पर बर्बर कार्रवाई करते हैं, वहीं दूसरी ओर झारखंड में भाजपा अपने खिलाफ हो रहे प्रतीकात्मक लोकतांत्रिक विरोध को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का तानाशाही चेहरा एक बार फिर राज्य की जनता के सामने उजागर हुआ है।

# श्रावणी मेला में सब- इंस्पेक्टर समेत 27 पुलिस पदाधिकारी तैनात किये गये



वरीय संवाददाता

**रांची।** राजकीय श्रावणी मेला-2026 को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय ने बड़ा कदम उठाया है। डीजीपी की ओर से जारी आदेश के अनुसार श्रावणी मेला-2026 के अवसर पर बासुकीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था संधारण और सुलभ जलार्पण सुनिश्चित के लिये धनबाद समेत कई जिला और वाहिनी से सब-इंस्पेक्टर समेत 27 पुलिस पदाधिकारी तैनात किये गये है। ये पुलिस पदाधिकारी सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण का जिम्मा संभालेंगे। आदेश के अनुसार, राज्य के विभिन्न जिलों और प्रशिक्षण संस्थानों से अनुभवी पुलिस पदाधिकारियों और प्रशिक्षु हवलदारों की अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति दुमका जिले के बासुकीनाथ में की गई है।

### 25 जुलाई से 31 अगस्त तक संभालेंगे कमान

मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिनियुक्ति 25 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगी। दुमका पुलिस अधीक्षक की ओर से किए गए अनुरोध के आलोक में उन पदाधिकारियों और प्रशिक्षुओं को प्राथमिकता दी गई है, जिन्हें पूर्व में भी श्रावणी मेले के दौरान ड्यूटी करने का अनुभव प्राप्त है।

### विभिन्न जिलों से भेजे गए जवानों का विवरण

**धनबाद जिला बल**

सब इंस्पेक्टर विशाल विधाता, गौतम कुमार राय, दिलीप पाल, राकेश राम, सब इंस्पेक्टर अमन राज।

**रांची जिला बल**

सब इंस्पेक्टर उत्तम कुमार पासवान, गंगाधर सिंह,विश्वजीत कुमार, सचिन कुमार मिश्रा,प्रभाष कुमार रवानी,भवेश कुमार रवानी, अनुज प्रसाद यादव, जितेन्द्र साहू

**गुमला और सिमडेगा जिला बल**

एएसआई अरकदयाल सिंह मुंडा, सतीशचन्द्र महतो रामनाथ जोंको

**पलामू जिला बल**

एएसआई अरकसुधीर लियांगी एएसआई ,उदय राम, विष्णु कुजूरसीटीसी मुसाबनी दुमका जिला बल से प्रशिक्षणरत प्रशिक्षु हवलदार
बलिराम हांसदा, भुदूराम डांगिल
किरानी मुर्मू, सनातन किस्कू, रसाका मरांडी, केलेमेंट किस्कू, रमेश मुर्मू, सुखीलाल हांसदा

## अतिक्रमण पर नगर निगम का बड़ा अभियान, 12 भवन मालिकों को नोटिस



वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम ने गुरुवार को शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान प्रमुख सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। वहीं भवन निर्माण नियमों के उल्लंघन, बिना स्वीकृत भवन प्लान के निर्माण तथा आवासीय भवनों के व्यावसायिक उपयोग के मामलों में 12 भवन मालिकों को नोटिस जारी किया गया।

नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने कचहरी चौक से न्यू मार्केट चौक, परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक (फिरायालाल क्षेत्र) तथा अरगोड़ा चौक से डिब्डीह पुल तक अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कचहरी चौक से न्यू मार्केट मार्ग पर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए चार ठेले, टेबल, बेंच और अन्य सामान जब्त किए गए तथा दो अवैध अस्थायी दुकानों को हटाया गया। फिरायालाल क्षेत्र में फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए चार ठेले जब्त किए गए और सड़क पर संचालित ठेला-खोमचों को हटाया गया। अरगोड़ा चौक से डिब्डीह पुल तक भी सड़क और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

## फुटपाथ पर अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ निगम सख्त, 20 विज्ञापन पट्टों पर नोटिस



वरीय संवाददाता

**रांची।** पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने हरमू बायपास मार्ग पर विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान फुटपाथ और पाथवे पर अवैध रूप से लगाए गए 10 मोनोपोल और 10 होर्डिंग्स पर नोटिस चस्पा करते हुए संबंधित संचालकों को तीन दिनों के भीतर इन्हें स्वयं हटाने का निर्देश दिया गया। नगर निगम ने कहा कि फुटपाथों और पाथवे पर लगाए गए विज्ञापन पट्ट पैदल यात्रियों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करते हैं। इसके अलावा इनके गिरने की आशंका से आम लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। निगम के अनुसार ऐसे अवैध विज्ञापन न केवल सार्वजनिक सुविधा में व्यवधान पैदा करते हैं, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर जोखिम हैं। नगर निगम ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुसार सड़क किनारे यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अथवा सड़क सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले सभी अवैध विज्ञापन पट्टों को हटाना संबंधित प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। न्यायालय ने यह भी माना है कि संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 के तहत सुरक्षित फुटपाथ पर पैदल चलना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।

# कांग्रेस के दो चेहरे, दिल्ली में कुछ करती है और झारखंड में कुछ : आदित्य साहू



वरीय संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाकर राष्ट्र को कमजोर व बदनाम करने में कभी भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ती। कांग्रेस को राष्ट्र की कतई चिंता नहीं है। दिल्ली में अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं को इकट्ठा करके लोकतंत्र के मंदिर में घुसकर जिस प्रकार आंदोलन के नाम पर गुंडागर्दी करने का काम किया, वह निंदनीय है। इटली की सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी चाहते हैं कि देश टुकड़े टुकड़े में बंट जाए। इनकी कभी मंशा नहीं रहती कि देश अखंड रहे। श्री साहू भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री साहू ने कहा कि लोकतंत्र लोक लाज से चलता है। कांग्रेस लोक लाज को धोकर पी गई है। कांग्रेस के दो चेहरे है। यह दिल्ली में कुछ करती है और झारखंड में कुछ। झारखंड में बीते 6 वर्ष में जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल की परीक्षा हो, उत्पाद सिपाही भर्ती या शिक्षक नियुक्ति की परीक्षा हो, जब भी परीक्षा हुआ उसका प्रश्न पत्र पहले लीक हुआ है। विगत 6 वर्ष में कांग्रेस की मदद से लाखों युवाओं का रोजगार छीनने का काम किया गया है। परीक्षा में हुई अनिमितता की जांच होनी चाहिए, लेकिन कांग्रेस इस पर मौन है। गड़बड़ी के खिलाफ भाजपा ने आंदोलन किया। दबाव के कारण जेपीएससी अध्यक्ष को इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा की मांग है कि जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज हो।

### कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां नीट-नीट चिल्लाती है

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां नीट-नीट चिल्लाती है। गड़बड़ी सामने आते ही परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा ली गयी। आज छात्र सफल हो कर पढ़ाई कर रहे हैं। पीएम ने आज ही फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर देश को भरोसा दिया है कि पेपर लीक मामले में किसी को बख्शा नहीं जाएगा। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी झारखंड में ऐसे लोगों के खिलाफ सीआईडी जांच की ढोंग कर रही है, यह सिर्फ आईवॉश है। इससे पहले भी शराब घोटाले की जांच में खानापूर्ति की गई थी, आज सारे दोषी जेल के बाहर हैं। यही तो कांग्रेस का चरित्र है। उन्होंने मांग किया कि झारखंड में जितनी भी परीक्षा हुई है, पेपर लीक का मामला है, सभी की जांच सीबीआई से करवाई जाए। कांग्रेस में थोड़ी सी भी नैतिकता है तो वह सीबीआई जांच की मांग का समर्थन करे।

### कांग्रेस ने हिंदपीढ़ी के पत्थरबाजों और गुंडों से पत्थर, अंडे, टमाटर फेंकवाने का काम किया

उन्होंने कहा कि आज भाजपा प्रदेश कार्यालय के घेराव कार्यक्रम में कांग्रेस ने जो कृत्य किया, वह निंदनीय है। भाजपा ने भी कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया था लेकिन पूरी तरह मर्यादित होकर। लेकिन आज कांग्रेस ने हिंदपीढ़ी के पत्थरबाजों और गुंडों से पत्थर, अंडे, टमाटर फेंकवाने का काम किया, वह शर्मनाक है। जब कांग्रेस ने पत्थर चलाया तब भाजपा कार्यकर्ता अपने कार्यालय रूपी मंदिर को बचाने में डटे रहे।

# 11वीं-बारहवीं के लिए करियर काउंसलिंग संपन्न



रांची। डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, रांची में वरिष्ठ माध्यमिक (कक्षा 11वीं - बारहवीं) के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, नवीन करियर विकल्पों तथा बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराना था। यह विशेष करियर काउंसलिंग सत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलिंगा विवि, रायपुर के प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सिंह तथा एलायंस यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु के रीजनल मैनेजर अजय सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## रिम्स लैंड स्कैम : सोनमैत देवी अंगूठा लगाने जाती थी रजिस्ट्री ऑफिस, 1 लाख कट्ठा तय हुआ था रेट

वरीय संवाददाता

**रांची।** राजधानी स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज फ्त्रटर के लिए अधिग्रहित की गई कीमती जमीन को फर्जी दस्तावेजों और सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से निजी हाथों में बेचने के एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ एंटी-करप्शन ब्यूरो अउइ की जांच में हुआ है।

इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद एजेंसी लगातार जांच कर रही है। अब तक की जांच में यह खुलासा हुआ है कि घोटाले की पूरी पटकथा एक गहरी आपराधिक साजिश के तहत लिखी गई थी। वर्ष 1967-68 में राज्य सरकार ने रिम्स के विस्तार के लिए मोरहाबादी मौजा के खाता संख्या 107, प्लॉट संख्या 1693 के तहत लगभग 60 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण किया था। एसएआर कोर्ट ने 1992-93 में ही सोनमैत देवी नामक महिला द्वारा खतियानी रैयत का वंशज होने के दावे को खारिज कर दिया था। इसके बाद जमीन को सरकारी संपत्ति घोषित कर अंचलाधिकारी की देखरेख में दे दिया गया था और रजिस्टर- टू में इसका स्पष्ट उल्लेख था, लेकिन अंचल कार्यालय, रांची नगर निगम, रजिस्ट्री ऑफिस, रेरा और आरआरडीए के अधिकारियों व भू-माफियाओं ने आपस में साठगांठ की. खारिज दावे के बाद भी अंचल अधिकारी की मिलीभगत से फर्जी रसीदें काटी गई और रजिस्टर-टू के रिकॉर्ड में हेरफेर किया गया।

### सोनू शरण ने पत्नी के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री की

इस पुरे मामले में सबसे बड़ा खेल सोनू शरण ने किया। उसने सबसे पहले फर्जी वंशावली बना कर सोनमैत देवी से इस भूमि का पावर लिया। उसके बाद उस पावर के आधार पर अपनी पत्नी पूजा के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री कर दी। एसीबी की पूछताछ में सोनमैत देवी ने स्वीकार किया कि सोनू शरण एक ऐसा प्रॉपर्टी डीलर था जो उसे केवल अंगूठा लगवाने के लिए रजिस्ट्री ऑफिस ले जाता था। इसके लिए सोनू शरण और सोनमैत देवी के बीच यह करार हुआ था कि जितनी जमीन की रजिस्ट्री में सोनमैत देवी अंगूठा लगाएगी, उतनी जमीन के बदले प्रत्येक कठ्ठा के हिसाब से 1 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। सोनू ने एडवांस के तौर पर सोनमैत देवी को 8 लाख रुपए की रकम का चेक दिया गया और 1 लाख 51 हजार रुपए नकद दिया गया।

# राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने पर दिया जोर

### रांची में दो दिवसीय 'जलवायु अखड़ा' का समापन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**रांची।** रांची स्थित ऐतिहासिक ऑड्रे हाउस में सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जलवायु अखड़ा का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों तथा न्यायसंगत बदलाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक नीतिगत चर्चा की गई।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के भारत पंचामृत मिशन के लक्ष्यों को साकार करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार पर विशेष बल देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब विकास समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल होगा। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय जलवायु अखड़ा में हुए मंथन से जो व्यावहारिक सुझाव सामने आए हैं, उन्हें धरातल पर उतारने की सामूहिक जिम्मेदारी सभी की है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सरजू राय ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन की स्थिति लगातार संवेदनशील होती जा रही है।

राज्य की समृद्ध प्राकृतिक धरोहरों और संसाधनों की रक्षा के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों तथा जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे लोगों को मिलकर नीतिगत पहल करनी होगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी साझा जिम्मेदारी है।

सारथी नेटवर्क के प्रतिनिधि मुन्ना झा ने संगठन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के 43 सामाजिक संगठनों का यह नेटवर्क जलवायु परिवर्तन और न्यायसंगत बदलाव के मुद्दों पर लगातार कार्य कर रहा है। विशेष रूप से कोयला प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत एवं व्यावहारिक प्रयास किए जा रहे हैं। समापन सत्र से पूर्व असर संस्था की मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनुता गोपाल ने राज्यपाल का औपचारिक स्वागत किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सारथी नेटवर्क के 43 घटक संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। दो दिवसीय इस आयोजन को सफल बनाने में सारथी नेटवर्क के मुन्ना झा, कृष्णकांत, घनश्याम, सुरेश कुमार शक्ति, गौतम सागर, जॉन्सन टोप्पो, शंकर रवानी, हेमंत कुमार, शेखर, गुलाबचंद, शालिनी संवेदना, पारोमिता, प्रांजल, मीनाक्षी, अंकिता, रिचा चौधरी, मिथिलेश कुमार, संजीव भगत, सुभाष चंद्र बोस, ओमकार, लखी दास, मौसमी बाखला, नर्गिस, अजय कुमार सहित कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 24 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाजसेवी पी. ए. जकारिया का निधन, बोकारो में शोक की लहर



**बोकारो।** बोकारो के प्रतिष्ठित उद्योगपति, वरिष्ठ समाजसेवी, बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स के संस्थापक सदस्य तथा वरिष्ठ रोटेरियन पी. ए. जकारिया का 85 वर्ष की आयु में रांची में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही बोकारो के सामाजिक, औद्योगिक और व्यावसायिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। शहर के विभिन्न संगठनों और गणमान्य लोगों ने उनके निधन को बोकारो के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। पी. ए. जकारिया वर्ष 1968 में केरल से बोकारो आए थे। उन्होंने अपने कार्यजीवन की शुरूआत अशोक लीलैंड कंपनी से की। अपनी मेहनत, दूरदृष्टि और उद्यमशीलता के बल पर वर्ष 1979 में उन्होंने अपनी कंपनी की स्थापना की। उनके निधन पर अशोक तनेजा, अशोक जैन, प्रदीप सिंह, मनोज चौधरी, संजय बैद, कमल तनेजा, बिनोद चोपड़ा, राजकुमार जायसवाल, कुमार अमरदीप, सिद्धार्थ पारख, सिद्धार्थ सिंह माना, मुकेश अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, बिनय सिंह सहित अनेक लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भारतीय मजदूर संघ का 72 वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**बोकारो।** भारतीय मजदूर संघ का 72 वां स्थापना दिवस गुरुवार को बोकारो थर्मल स्थित यूनियन कार्यालय में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएमएस ध्वज के ध्वजारोहण से हुआ। यूनिट के सचिव रवि चंद्र कुमार ने ध्वज फहराया। इसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रमिकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान तथा बीएमएस का संगठन गीत गाकर देशभक्ति और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रमिक एकता और संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के उद्देश्य, गौरवशाली इतिहास तथा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संजय, सैमुअल, जितेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव शाहिद इकराम, सहायक सचिव संजय कुमार राय, कार्यालय सचिव वासुदेव महतो, राजदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में यूनियन सदस्य एवं स्थानीय श्रमिक उपस्थित रहे।

### प्रेमिका से विवाह की जिद में हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक, घंटों मशक्कत के बाद उतारा गया



**बोकारो।** जिले के चंदनकियारी प्रखंड के बरमसिया ओपी क्षेत्र स्थित चंडीपुर गांव में गुरुवार को एक युवक प्रेमिका से विवाह की मांग को लेकर लगभग 100 फीट ऊंचे हाईटेंशन बिजली टावर पर चढ़ गया। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासन की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घंटों की समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। जानकारी के अनुसार, पेटरवार के पिछाटांड़ निवासी जगमोहन मुंडा का 18 वर्षीय पुत्र सूरज मुंडा चंडीपुर स्थित अपने ननिहाल में रहकर प्लस टू उच्च विद्यालय, चंदनकियारी में पढ़ाई करता है। बताया जाता है कि विद्यालय की एक छात्रा से उसका प्रेम संबंध था। हाल के दिनों में युवती एवं उसके परिजनों द्वारा संबंध स्वीकार नहीं किए जाने और बातचीत बंद कर देने से वह मानसिक रूप से परेशान था। घटना की सूचना मिलते ही चंदनकियारी के अंचल अधिकारी रवि आनंद, पुलिस निरीक्षक रवींद्र कुमार तथा बरमसिया ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार लाउडस्पीकर के माध्यम से युवक को समझाने का प्रयास किया। लगभग साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों और परिजनों के आश्वासन पर युवक शाम करीब साढ़े छह बजे सुरक्षित नीचे उतर आया।

### थाना दिवस में 63 मामलों की सुनवाई

**बोकारो।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से बोकारो पुलिस द्वारा आयोजित थाना दिवस प्रभावी साबित हो रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को जिले के सभी थानों एवं ओपी परिसरों में थाना दिवस आयोजित किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा अनुमंडल पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और लोगों की शिकायतें सुनीं। थाना दिवस के दौरान जिलेभर से कुल 63 मामले प्राप्त हुए। इनमें से 53 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर संबंधित पक्षों को राहत प्रदान की गई। वहीं दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई, जबकि शेष 10 मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए लंबित रखा गया। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, बंटवारा, आवश्यक दस्तावेजों का अभाव, अगली तिथि की मांग, निर्माण कार्य रोकने, अवैध कब्जे के दावे तथा आपसी विवाद से जुड़े मामले प्रमुख रहे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाधान कराने का प्रयास किया।

# औरों से हटकर करेंगे मेहनत, तो ही मिलेगी अलग पहचान : आईजी शैलेन्द्र

### अलंकरण समारोह के साथ डीपीएस बोकारो में नए छात्र परिषद सदस्यों ने संभाली कमान




झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** विद्यार्थियों में नेतृत्व कौशल एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से गठित दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के नए छात्र परिषद सदस्यों ने अपनी कमान संभाल ली। गुरुवार को विद्यालय में आयोजित बैज अलंकरण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) में छात्र परिषद के सदस्यों ने ईमानदारी और निष्ठा की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने मंच तक मार्चपास्ट कर पहुंचे नए परिषद सदस्यों को सैश पहनाकर और बैज से अलंकृत कर उनकी जिम्मेदारी सौंपी। अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने कहा कि छात्र परिषद की जवाबदेही जिनके कंधों पर मिली, उन्हें यह कर्तव्य और उत्तरदायित्व का बोध कराता रहेगा। नेतृत्व की यह कला जीवन के हर मुकाम पर आएगी। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य तय कर उस दिशा में पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करने की प्रेरणा दी। कहा कि जब आप औरों से अलग हटकर मेहनत करेंगे, तो ही आप अपनी अलग पहचान बना पाएंगे। अपने छात्र-जीवन के अनुभव साझा करते हुए श्री सिन्हा ने समय और परिस्थितियों के अनुकूल निर्णय लेने, जनसेवा को अपना ध्येय बनाने तथा शारीरिक व मानसिक चुस्ती के लिए किसी न किसी खेल-गतिविधि से जुड़ाव बनाए रखने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो की पूरे हिन्दुस्तान में अपने-आप में विशिष्ट पहचान है। विद्यार्थी यहां के अवसरों का लाभ लें और एक सफल व अच्छा इंसान बनें। आज के वैश्विक परिवेश में करियर का दायरा असीमित है। जिस क्षेत्र में रुचि हो, उसमें अपना लक्ष्य तय करें।

**अनुष्का व स्वर्णिम हेड गर्ल, तो ईशान और सफल बने हेड बॉय**

नवगठित छात्र परिषद में ईशान अश्विन एवं सफल ने हेड बॉय तो अनुष्का आर्या और स्वर्णिम ने हेड गर्ल की शपथ ली। वहीं, सुवर्ण अग्रवाल वॉइस हेड बॉय, तो आर्या झा और अन्वेषा शर्मा संयुक्त रूप से वॉइस हेड गर्ल चुनी गईं। श्रुति शांडिल्य एवं वर्षा सिंह साहित्यिक सचिव, आराध्या साहा एवं नायशा सिंह नागी उप साहित्यिक सचिव बनाई गई। इसी प्रकार, वर्तिका दुबे सांस्कृतिक सचिव, कृतिका तमांग उप सांस्कृतिक सचिव, मृदुल अमन और त्रिनयोना खेल सचिव एवं सैशा लाला उप खेल सचिव, नेहाल शर्मा और आस्था कुमारी अनुशासन सचिव, प्रीतम सागर उप अनुशासन सचिव, सुकृति सिया साइबर सेक्रेटरी तथा नयन कुमार और शिवम जायसवाल डिप्टी साइबर सेक्रेटरी बनाए गए। इसके अलावा, विद्यालय के गंगा, जमुना, रावी, चेनाब, सतलज और झेलम सदनों में प्रत्येक के लिए चुने गए एक कैप्टन, एक वाइस कैप्टन और चार प्रिफेक्ट ने भी शपथ ली। समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. गंगवार ने मुख्य अतिथि श्री सिन्हा को शॉल अलंकृत कर तथा स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में मंच संचालन छात्रा अवनी अनन्या पांडेय, आराध्या सिल्की एवं छात्र रुद्र कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नवचयनित हेड गर्ल अनुष्का आर्या ने किया। समापन राष्ट्रगान से हुआ।

**नेतृत्व का उत्सव है इन्वेस्टिचर सेरेमनी : प्राचार्य डॉ. गंगवार**

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ० ए० एस० गंगवार ने विद्यार्थियों में नेतृत्व गुणों का विकास करना छात्र परिषद का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि अलंकरण समारोह बेहतर कल के लिए नेतृत्व व जिम्मेदारी का एक उत्सव है। डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं उन्हें एक नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित करते हुए समृद्ध राष्ट्र-निर्माण की दिशा में सतत अग्रसर है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नव-चयनित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने टीम वर्क को बढ़ावा देना, अपने सभी प्रयासों में ईमानदारी, जिम्मेदारी, विनम्रता और सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक बताया।

**स्केटिंग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मन मोहा**

समारोह में मुख्य अतिथि की अगवानी एवं उनका स्वागत स्कूल के बाल स्केटरों की टोली ने अनूठे अंदाज में किया। स्केटिंग के हैरतअंगेज स्टंट करते हुए बच्चों ने मुख्य अतिथि श्री सिन्हा एवं अपने प्राचार्य डॉ. गंगवार का पौधा भेंटकर स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत स्वागत गान - स्वागत की बेला में... एवं विद्यालय गीत - आया है नया सवेरा.... की सुरीली प्रस्तुतियों के साथ-साथ छात्राओं ने प्रेरणाप्रद भाव पर आधारित मनभावन नृत्य की प्रस्तुति से सबकी भरपूर सराहना बटोरी। कला और संतुलन का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छात्राओं ने जीवन में कठिनाइयों की चुनौतियों पर विजय पाकर किसी का साथ मिले या न मिले, एकला यानी अकेले आगे बढ़ते रहने का प्रेरक संदेश अपने नृत्य से दिया।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में जुटा बोकारो प्रशासन, भव्य समारोह के लिए विभागों को जिम्मेदारी

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** आगामी 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में भव्य एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत समारोह आयोजित करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की विभागवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सौंपे गए कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव और सम्मान का पर्व है, इसलिए समारोह की प्रत्येक व्यवस्था गुणवत्ता, अनुशासन और समयबद्धता के अनुरूप होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष भी मुख्य ध्वजारोहण एवं परेड समारोह सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होगा। समारोह स्थल को आकर्षक बनाने के लिए बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा मैदान का समतलीकरण, मोरम बिछाने तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का कार्य कराया जा रहा है।

जिले के सभी सरकारी कार्यालयों एवं समारोह स्थल पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मानजनक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। इस वर्ष समारोह को विशेष थीम आधारित स्वरूप दिया जाएगा, जिसके लिए उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार को थीम निर्धारित करने की जिम्मेदारी दी गई है। समारोह में जिला सशस्त्र बल, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, होमगार्ड, एनसीसी, चौकीदार दल तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों सहित कुल 11 प्लाटून मार्चपास्ट में भाग लेंगी। परेड का पूर्वाभ्यास 8 से 13 अगस्त तक होगा। साथ ही सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में डीडीसी शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चंद्र, एसडीओ प्रांजल ढांडा, डीपीआरओ मो. शफीक आलम सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑब्जर्वेशन होम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, किशोरों की स्वास्थ्य व्यवस्था पर रखी पैनी नजर

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने गुरुवार को ऑब्जर्वेशन होम सह प्लेस ऑफ सेफ्टी का औचक निरीक्षण कर वहां रह रहे किशोरों के स्वास्थ्य, चिकित्सा सुविधाओं एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रखने के निर्देश दिए।

वर्तमान में ऑब्जर्वेशन होम में 43 किशोर रह रहे हैं। हाल ही में स्वास्थ्य जांच के दौरान 16 किशोरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से 15 किशोर पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी पा चुके हैं, जबकि एक किशोर को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। इसके अतिरिक्त परिसर में संचालित विशेष चिकित्सा शिविर में दो अन्य किशोरों की निगरानी शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सक की देखरेख में की जा रही है। सिविल सर्जन की सलाह पर संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी किशोरों को प्रतिरोधात्मक दवाएं दी जा रही हैं। प्रारंभिक जांच में यह संक्रमण मौसम में बदलाव के कारण उत्पन्न सामान्य संक्रमण प्रतीत हो रहा है। फिलहाल किसी गंभीर बीमारी अथवा अन्य कारण की पुष्टि नहीं हुई है।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। साथ ही खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी किशोरों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जा रही है।

## एसआईआर को लेकर बोकारो चैंबर ने चलाया जन-जागरूकता अभियान



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को बोकारो इस्पात नगर एवं चास क्षेत्र में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

एसआईआर की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी होने के कारण उपायुक्त अजय नाथ झा के अनुरोध पर चैंबर के सदस्यों ने सिटी सेंटर सहित प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में लोगों को अभियान की जानकारी दी। इस दौरान चैंबर के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए पोस्टर एवं पंपलेट विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में वितरित किए तथा नागरिकों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया। साथ ही लोगों से समय पर आवश्यक प्रपत्र भरकर जमा करने की अपील की गई। चैंबर के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि जिन मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण अभी तक नहीं हुआ है, वे अपने संबंधित बीएलओ से प्रपत्र प्राप्त कर उसे सही ढंग से भरें और शीघ्र जमा करें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित बना रहे। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने बताया कि यदि किसी मतदाता का विवरण वर्ष 2003 की मतदाता सूची में उपलब्ध नहीं है, तो वह संबंधित कॉलम रिक्त छोड़ सकता है। ऐसे मतदाता केवल नीचे दिए गए कॉलम में वर्तमान मतदाता सूची का विवरण भरकर भी प्रपत्र जमा कर सकते हैं।

## रोटरी क्लब चास का 25 वां पदस्थापना समारोह संपन्न

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास का 25वां पदस्थापना समारोह गुरुवार को गरिमामय, उत्साहपूर्ण एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पाल संजीव ठाकुर ने रोटरी के सेवा, नेतृत्व और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोटरी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना तथा लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरना है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पाल राजन गंडोत्रा ने रोटरी के आदर्श वाक्य स्वयं से ऊपर सेवा की व्याख्या करते हुए कहा कि निस्वार्थ सेवा ही रोटरी की वास्तविक पहचान है और इसी भावना से समाज में स्थायी परिवर्तन संभव है।

कार्यक्रम की शुरूआत क्लब अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए क्लब की आगामी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प दोहराया। निवर्तमान सचिव रो. श्वेता रस्तोगी ने स्लाइड शो के माध्यम से पिछले वर्ष क्लब द्वारा संचालित सामाजिक परियोजनाओं, स्वास्थ्य शिविरों और अन्य गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की। सहायक मंडल अध्यक्ष पूजा बैद ने अंतरराष्ट्रीय रोटरी अध्यक्ष के संदेश क्रिएट लास्टिंग इम्पैक्ट को रेखांकित करते हुए कहा कि रोटेरियनों को ऐसे सेवा कार्य करने चाहिए, जिनका समाज पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़े।

सिद्धार्थ पारख ने रोटरी क्लब चास की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने क्लब की विशेष स्मारिका का विमोचन भी किया। ललिता चोपड़ा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में क्लब के संस्थापक सदस्यों को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### 15 मामलों का आरोपी कुख्यात अपराधी बुलेट भुईयां गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

बोकारो। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बोकारो पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बालीडीह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार कुख्यात अपराधी संजय भुईयां उर्फ बुलेट भुईयां (32) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। आरोपी सेक्टर-12 थाना क्षेत्र स्थित एलएच मोड़, काली मंदिर के समीप का निवासी है। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि बुलेट भुईयां क्षेत्र में सक्रिय है। इसके बाद बालीडीह थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार तथा सेक्टर-12 थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुभाष चंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार राय, चंद्रदेव कुमार और अविनाश गौतम सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई बालीडीह थाना कांड संख्या 334/25 के तहत की गई। सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एक पेशेवर एवं अभ्यस्त अपराधी है। उसके विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में चोरी, गृहभेदन, लूट, रंगदारी तथा आर्म्स एक्ट सहित कुल 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें बालीडीह, चीरा चास, सेक्टर-12, बीएस सिटी तथा चंद्रपुरा थानों के कई गंभीर मामले शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से कानून से बचता फिर रहा था। उसकी गिरफ्तारी से शहर और आसपास के क्षेत्रों में चोरी, नकबजनी तथा संगठित अपराध की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद है। पुलिस ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है...

### बोकारो में संगीत संध्या के साथ याद किए गए पार्श्वगायक मुकेश व अभिनेता राजेश खन्ना

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** फिल्म संगीत के सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक मुकेश की जयंती पर बुधवार की देर शाम सेक्टर 12 बी में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिने जगत के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना को भी उनकी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि दी गयी।

स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत कलाकारों द्वारा इन दोनों महान कलाकारों की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुई। गायक अरुण पाठक ने कहा कि फिल्म संगीत के तीन प्रमुख पार्श्वगायकों में मुकेश जी का स्थान है। मुकेश जी की गायकी में गजब की कशिश थी।

उनकी आवाज का स्वर माधुर्य व उनके गायन में भावनाओं की गहरी अभिव्यक्ति लोगों के दिलों को छूती है। आज दशकों बीत जाने के बाद भी उनके गाए गीतों की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। गायक रमण चौधरी ने कहा कि मुकेश जी फिल्म संगीत के अनूठे पार्श्वगायक थे।

उनके गाये गीतों में जो सादगी व गहरी संवेदना महसूस होती है वह दुर्लभ है। अभिनेता राजेश खन्ना एक बेमिसाल एक्टर थे। संगीत प्रेमी व शिक्षक नीरज सिंह ने कहा कि मुकेश के गाए बहुत सारे गीत उनके पसंदीदा गीतों की लिस्ट में है। उन्होंने हर तरह के गीतों को बहुत ही संजीदगी से गाकर अमर कर दिया। श्वेता प्रियदर्शिनी ने कहा कि मुकेश जी के गाए गीतों की वे बड़ी प्रशंसक रही हैं। अभिनेता राजेश खन्ना भी उनके प्रिय अभिनेता रहे हैं। गायक सोमेश मिश्रा ने कहा कि मुकेश जी उनके प्रिय गायक रहे हैं, उनके गाए गीत सदैव संगीत प्रेमियों को आकर्षित करते रहेंगे।

संगीत संध्या में कलाकारों ने मुकेश जी के गाए कुछ यादगार गीतों के साथ ही अभिनेता राजेश खन्ना पर फिल्माए कुछ चर्चित गीतों को गाकर उन्हें याद किया। अरुण पाठक ने दुनियां से जाने वाले जाने चले जाते हैं कहां..., हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है..., दीवानों से ये मत पूछो, दीवानों पे क्या गुजरी है..., जिक्र होता है जब कयामत का तेरे जलवों की बात होती है..., दो कदम तुम न चले..., ये रेशमी जुल्फें ये शरबती आंखें... की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। रमण चौधरी ने चिंगारी कोई भड़के..., मेरे दीवानेपन की भी दवा नहीं..., मेरे दिल में आज क्या है..., कभी कभी मेरे दिल में ख्याल आता है..., रंजू सिंह ने ह्यचंदन सा बदन..., सोमेश मिश्रा ने जाने कहां गए वो दिन..., जब दर्द नहीं था सीने में..., चंचल शीतल निर्मल... आदि गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति से दोनों महान कलाकारों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

# सीवेज परियोजना का कार्य ठप, कॉलोनी में बदहाल हुई व्यवस्था

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य कर रही कंपनी भरत जी पटेल द्वारा सबलेट संवेदक मेसर्स जितेंद्र यादव को बकाया भुगतान नहीं किए जाने के कारण परियोजना का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। इससे कॉलोनी के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जगह-जगह सीवरेज चैंबरों से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों, स्कूलों और नालियों में बह रहा है। वहीं अधूरा कार्य छोड़कर खुले गड्ढे छोड़ दिए गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

गुरुवार को पंच मंदिर से कोनार नदी छठ घाट जाने वाली सड़क पर, जिसे खोदकर बिना समतल किए छोड़ दिया गया था, ईंट लदा एक ट्रैक्टर गड्ढे में फंस गया। काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला जा सका। उर्दू मजलिस से मिडिल स्कूल के समीप चौराहे तक की सड़क भी जर्जर अवस्था में है, जिससे महिलाओं, स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या की शिकायत डीवीसी अधिकारियों से की।

## संक्षिप्त खबरें

### राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू 25 से 27 जुलाई तक करेंगे कोल्हान प्रमंडल का दौरा



**बेरमो।** राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू 25 से 27 जुलाई तक कोल्हान प्रमंडल के तीन दिवसीय दौरे एवं प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) तथा सरायकेला-खरसावां जिले का भ्रमण कर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। यह जानकारी राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश मीडिया प्रभारी योधन नायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से कोल्हान प्रमंडल का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत पिछड़ी जाति की महिलाओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा।

### टुंडी जंगल से नर कंकाल बरामद, लापता युवक हत्याकांड का खुलासा



**गिरिडीह।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र से लापता युवक के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के जंगल से मृतक का नर कंकाल बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने पूछताछ के दौरान हत्या की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गमछा, मृतक के कपड़े, चप्पल, अंतःवस्त्र, आरोपी का मोबाइल फोन तथा घटनास्थल के समीप से एक चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, पीरटांड़ थाना क्षेत्र के सिवाटांगी निवासी हृदय नारायण सिंह ने 1 जुलाई 2026 को अपने पुत्र शंकर कुमार सिंह उर्फ बिंदु सिंह के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनका पुत्र 20 जून को गिरिडीह से घर लौटने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं आया। परिजनों ने एक महिला सहित अन्य लोगों पर अपहरण की आशंका जताई थी, जिसके आधार पर पीरटांड़ थाना कांड संख्या 22/26 दर्ज किया गया।

### भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन : ठाकुर प्रसाद महतो



**चंद्रपुरा।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ की दुगदा शाखा कार्यालय में गुरुवार को संगठन का 71 वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान चिंतक एवं भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण तथा संगठन के ध्वजारोहण के साथ हुआ। इससे पूर्व शाखा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सचिव ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा केंद्रीय श्रमिक संगठन है। इसकी स्थापना 23 जुलाई 1955 को भोपाल में दत्तोपंत ठेंगड़ी ने की थी। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा श्रमिक संगठन है, जो किसी राजनीतिक दल की श्रमिक इकाई नहीं, बल्कि मजदूरों द्वारा, मजदूरों के लिए संचालित स्वतंत्र संगठन है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी विचारधारा और समर्पित कार्यकर्ताओं की निष्ठा के कारण संगठन शून्य से शिखर तक पहुंचा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रभारी एस.के. मिश्रा, शाखा सचिव रामाशीष राम, संयुक्त सचिव रंजीत कुमार सिंह, कौशलेंद्र पासवान, देवेंद्र कुमार, मंतोष कुमार, रुफलाल महतो, गांधी चक्रवर्ती, मनोज सिंह, फुलचंद राय सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हत्या के सिद्ध दोषी देवशरण महतो को आजीवन कारावास की सजा

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम फहीम किरमानी के न्यायालय से हत्या के मामले में पेटरवार थाना अंतर्गत ओरदाना निवासी अभियुक्त देवशरण महतो को दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास कारावास की सजा सुनाई। बताते चले कि पेटरवार थाना अंतर्गत ओरदाना निवासी नीरज कुमार महतो ने पेटरवार थाना प्रभारी के पास बयान दर्ज कराया कि दिनांक 5/6/2023 को उसके पिता उपेंद्र महतो घर के छत पर सोए हुए थे, वह भी सोया हुआ था। रात में लगभग 12 बजे तेज आवाज सुनकर उठ कर देखा कि अभियुक्त देवशरण महतो हाथ में एक धारदार हथियार से मेरे पिता को मार दिया जिससे उनके बाएं कनपटी से काफी खून बह रहा था। जब मैं उसे पकड़ने गया तो वह भाग गया। जब मैं अपने पिताजी के पास गया तो वह मर गए थे।

## सीएमएस ने केंद्रीय अस्पताल ढोरी का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के दिए निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल मुख्यालय स्थित गांधीनगर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० राजकुमार एवं उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० दीपाली ने गुरुवार को सीसीएल ढोरी क्षेत्र के केंद्रीय अस्पताल ढोरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला एवं पुरुष वार्ड, आईसीयू, औषधि भंडार, ओपीडी तथा बर्न वार्ड का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. राजकुमार ने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मौजूद सभी कमियों को दूर करते हुए आवश्यक संसाधनों में वृद्धि की जाएगी, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि अस्पताल में वर्षों से अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध है, लेकिन सोनोलॉजिस्ट चिकित्सक के अभाव में गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

इस समस्या के समाधान के लिए सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति की दिशा में पहल की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर आउटसोर्सिंग अथवा संविदा के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति कर अल्ट्रासाउंड सेवा नियमित रूप से शुरू कराई जाएगी।

डॉ. राजकुमार ने निर्देश दिया कि अस्पताल परिसर में संचालित अमृत फामेर्सी को 24 घंटे खुला रखा जाए, ताकि आपातकालीन स्थिति में किसी भी मरीज को दवाओं के अभाव का सामना न करना पड़े। उन्होंने बर्न वार्ड को और अधिक व्यवस्थित बनाने तथा ऑपरेशन थिएटर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर शीघ्र ही ओटी का संचालन शुरू कराया जाएगा। साथ ही नए वित्तीय वर्ष में अस्पताल में प्रसव की सुविधा भी पुनः बहाल की जाएगी। डिप्टी सीएमएस डॉ० दीपाली ने अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने तथा मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० संजय सिन्हा ने बताया कि अस्पताल को अधिक व्यवस्थित एवं आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, ताकि मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि भविष्य में अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना के लिए भी पहल की जाएगी।

## जिला योजना की योजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण पूरा करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चतरा।** उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित गोपनीय शाखा कार्यालय कक्ष में जिला योजना की अनाबद्ध निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 तथा 2026-27 की संचालित एवं प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की लंबित और अपूर्ण योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी। सभी विभाग समयबद्ध और प्रभावी कार्य सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजनाओं के प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने तथा स्वीकृत योजनाओं का कार्य तत्काल प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन होने से जिले के विकास को गति मिलेगी और आमजन को समय पर लाभ प्राप्त होगा। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, जिला परिषद चतरा सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित कार्यकारी एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सीसीएल सीकेएस ने मनाया बीएमएस का 72वां स्थापना दिवस, मजदूरों के हित में संघर्ष का संकल्प

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ का 72 वां स्थापना दिवस गुरुवार को ढोरी खास स्थित सीसीएल सीकेएस ढोरी के क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन का ध्वजारोहण किया गया और संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही श्रमिकों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के उपरांत क्षेत्रीय कार्यालय से भगत सिंह चौक कल्याणी तक सैकड़ों कार्यकताओं के साथ प्रभात फेरी निकाली गयी।

मुख्य अतिथि भारतीय कोयला पेंशर्नश महासंघ के मंत्री रवींद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि बीएमएस राष्ट्रहित, उद्योगहित और श्रमिक हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि बीएमएस किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं होने के बावजूद आज देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन बन चुका है।

इसकी सदस्य संख्या एक करोड़ से अधिक है तथा देशभर में पांच हजार से अधिक इकाइयां सक्रिय हैं। सीसीएल ऑपरेशन के महाप्रबंधक मनोज पाठक ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने हमेशा स्वदेशी विचारधारा को अपनाते हुए श्रमिकों के हितों की आवाज बुलंद की है।

उन्होंने कहा कि बीएमएस आज देश का नंबर वन श्रमिक संगठन है और यह संगठन शून्य से शिखर तक की प्रेरणादायक यात्रा तय कर चुका है। क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि संगठन की यह उपलब्धि हजारों समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकताओं के निस्वार्थ योगदान का परिणाम है। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता के परिश्रम और समर्पण ने बीएमएस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरालाल रविदास एवं कुलदीप ने कहा कि स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी ने 23 जुलाई 1955 को भोपाल में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1989 भारतीय मजदूर संघ के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ।

## कथारा में इनमोसा की सीसीएल स्तरीय बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती और नई कमेटी गठन पर बनी सहमति

झारखंड दर्शन संवाददाता



**कथारा।** माइनिंग स्टाफ, ओवरमैन एवं सरदारों के संगठन इनमोसा (इंडियन नेशनल माइनिंग ओवरमैन, सरदार एंड अलाइड स्टाफ एसोसिएशन) की सीसीएल स्तरीय बैठक गुरुवार को कथारा स्थित स्टाफ रिक्रिएशन क्लब में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता इनमोसा सीसीएल अध्यक्ष रामराज सिंह ने की, जबकि संचालन संतोष कुमार मंडल ने किया। बैठक में सीसीएल के कथारा, बीएंडके, ढोरी, बरकासायल, रजरप्पा, राजहरा, चंद्रगुप्त, आम्रपाली, मगध-संघमित्रा, अरगड्डा, हजारीबाग, गिरिडीह, कुजू, नॉर्थ कर्णपुरा तथा पिपरवार क्षेत्रों के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन में पिछले कुछ दिनों से उत्पन्न विवाद को समाप्त कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श करना था। इस दौरान संगठन की एकता बनाए रखने तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए इनमोसा सीसीएल अध्यक्ष रामराज सिंह ने कहा कि इनमोसा संगठन एक ही है और उसमें किसी प्रकार का कोई विभाजन नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के कार्यकाल के दौरान कुछ आपसी मतभेदों के कारण परिस्थितियां उत्पन्न हुई थीं, जिन्हें शीघ्र ही समाप्त कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आगामी दो से तीन महीनों के भीतर संगठन का चुनाव कराया जाएगा, जिसके बाद सभी प्रकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में संगठन में युवाओं को अधिक अवसर और जिम्मेदारी दी जाएगी।

बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए अध्यक्षों एवं सचिवों ने कहा कि यदि संगठन में किसी प्रकार का मतभेद या भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है, तो उसे दूर करने के लिए इस तरह की बैठकों का आयोजन आवश्यक है। सभी मुद्दों पर गंभीरता से मंथन कर राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत 121 युवाओं को मिला रोजगार का अवसर

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत गिरिडीह स्थित जेआरएसके टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 121 प्रशिक्षित युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों से ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट तथा फैशन डिजाइनर पाठ्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। यह पहल कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद रोजगार नहीं मिलने पर युवकों को एक हजार रुपये तथा युवतियों एवं दिव्यांगों को पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह प्रोत्साहन भत्ता भी प्रदान किया जाता है। प्लेसमेंट ड्राइव में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की संस्थाओं अलर्ट स्पेस, वीएनएस हेल्थ केयर और गृहम हेल्थ केयर ने जीडीए प्रशिक्षार्थियों का चयन किया, जबकि ओरिएंट क्राफ्ट एवं कलर जर्सी ने फैशन डिजाइनर प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। मुख्य अतिथि उपमहापौर सुमित कुमार ने कहा कि यह योजना स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का प्रभावी माध्यम बन रही है। यूएनडीपी के दीपक पांडेय ने युवाओं को नई तकनीकों में दक्ष बनने की सलाह दी, जबकि केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक दीपक ने वित्तीय साक्षरता पर जानकारी दी।

## लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट ने मनाया सातवां स्थापना दिवस

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गिरिडीह।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर चार्टर नाइट कार्यक्रम का आयोजन लायन सतेन्द्र सिंह के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन राहुल बर्मन ने की, जबकि संचालन लायन राहुल कृष्णा ने किया। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष लायन राहुल बर्मन ने कहा कि क्लब इस वर्ष वृक्षारोपण, मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर और यातायात जागरूकता अभियान को प्राथमिकता देगा। उन्होंने बताया कि खंडोली जलाशय के आसपास एक हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि क्लब निरंतर मानव सेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने सभी सदस्यों से सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि लायन धर्म प्रकाश ने विश्वास व्यक्त किया कि लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट इस वर्ष रीजन-5 ही नहीं, बल्कि डिस्ट्रिक्ट 322ए में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। क्लब के सचिव लायन डॉ० सुमन कुमार ने बताया कि 26 जुलाई को सिरसिया, गिरिडीह में रीजन-5 के 13 क्लबों के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण एवं क्लब का पदस्थापना समारोह आयोजित होगा।

## सीआईएसएफ के विशेष अभियान में 120.10 टन अवैध कोयला जब्त, सुरक्षा व्यवस्था की हुई व्यापक समीक्षा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह ने गुरुवार को सीसीएल के बीएंडके एवं ढोरी क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया।

उन्होंने विभिन्न खदानों, रेलवे साइडिंग, चेक पोस्ट तथा अन्य संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ढोरी क्षेत्र के अमलो रेलवे साइडिंग के समीप पांच नंबर नथुन धौड़ा में एमएमडीआर अधिनियम के तहत चलाए गए विशेष संयुक्त छापेमारी अभियान का भी जायजा लिया। अभियान में 120.10 टन अवैध रूप से संग्रहित कच्चा एवं पौड़ा कोयला जब्त किया गया।

अधिकारियों के अनुसार बीएंडके एवं ढोरी क्षेत्र में एमएमडीआर अधिनियम के तहत यह अब तक की सबसे बड़ी कोयला जब्ती कार्रवाइयों में से एक है। महाप्रबंधक, ढोरी के निर्देश पर उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान की निगरानी सीआईएसएफ कमांडेंट आशुतोष चौधरी ने की।

## संसद में गूंजा टंडवा-सिमरिया के कोयला परिवहन का मुद्दा

## सांसद कालीचरण सिंह ने समर्पित कोल ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर की उठाई मांग

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने संसद के मानसून सत्र में नियम 377 के अंतर्गत टंडवा, सिमरिया तथा आसपास के कोयला उत्पादक क्षेत्रों में अनियंत्रित कोयला परिवहन से उत्पन्न गंभीर जनसमस्याओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से आम यातायात से अलग समर्पित कोल ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के निर्माण की मांग करते हुए कहा कि विकास के साथ स्थानीय लोगों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। सांसद ने सदन को बताया कि टंडवा, सिमरिया, चतरा और गिद्धौर क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहनों के माध्यम से कोयले का परिवहन किया जाता है। इसके कारण प्रमुख सड़कों पर लगातार यातायात का दबाव बना रहता है, जिससे जाम, सड़क दुर्घटनाएं और जनहानि की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों, मरीजों, कर्मचारियों और छोटे वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कालीचरण सिंह ने कहा कि कोयला ढोने वाले वाहनों से उड़ने वाली धूल आसपास के गांवों के लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन संबंधी रोगों से पीड़ित लोगों के लिए यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि कोयले की धूल खेतों और जलस्त्रोतों तक पहुंचकर कृषि उत्पादन तथा पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रही है। सांसद ने केंद्र सरकार से सड़क परिवहन पर निर्भरता कम कर रेल नेटवर्क, कन्वेयर बेल्ट तथा अन्य आधुनिक एवं प्रदूषण-मुक्त परिवहन प्रणालियों को प्राथमिकता देने की मांग की।

## झामुमो 25 जुलाई को सौंपेगा मांग पत्र, स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चंद्रपुरा।** झारखंड श्रमिक संघ की दुगदा शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक गुरुवार को वाशरी मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने की, जबकि संचालन सदानंद मंडल ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान तेज करने तथा स्थानीय जनहित के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन का विस्तार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जाएगा। साथ ही आगामी 25 जुलाई को झामुमो प्रखंड समिति की ओर से विभिन्न जनसमस्याओं एवं श्रमिक हितों से संबंधित मांगों का ज्ञापन प्रशासन एवं संबंधित प्रबंधन को सौंपा जाएगा। इस दौरान स्थानीय रोजगार के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने पर सहमति बनी। शाखा अध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने कहा कि दुगदा कोल वाशरी का संचालन जिंदल कंपनी द्वारा किए जाने की खबर से स्थानीय विस्थापितों और बेरोजगार युवाओं में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि कंपनी को स्थानीय युवाओं एवं विस्थापित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराना चाहिए।

## समय पर वर्षा से चंद्रपुरा में शुरू हुई धान रोपनी, खेतों में गूंजे पारंपरिक गीत





झारखंड दर्शन संवाददाता

**चंद्रपुरा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही वर्षा के बाद किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। खेतों में पर्याप्त पानी भर जाने से कृषि कार्यों ने गति पकड़ ली है और ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर पारंपरिक रोपनी गीतों की मधुर स्वर लहरियां सुनाई देने लगी हैं। समय पर हुई बारिश से किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं और इस वर्ष बेहतर उत्पादन की उम्मीद जगी है। धान की रोपाई में जुटी महिलाएं पारंपरिक लोकगीत गाते हुए खेतों में काम कर रही हैं। चला सखी खेतवन में रोप आई धान तथा निहुरी-निहुरी करती हैं धान की रोपनियांः जैसे लोकगीतों के साथ सावन का ग्रामीण वातावरण पूरी तरह जीवंत हो उठा है। महिलाओं का कहना है कि रोपनी के दौरान गीत गाने से श्रम का एहसास कम होता है और कार्य में उत्साह बना रहता है। किसानों ने बताया कि इस बार समय पर वर्षा होने से अगेती धान की फसल अच्छी होने की संभावना है। उनका मानना है कि मौसम अनुकूल रहा तो उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। ग्रामीणों का कहना है कि अच्छी बारिश खेती के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 24 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बैंकमोड़ थाना क्षेत्र में अवैध गौ-तस्करी का भंडाफोड़, पांच मवेशी मुक्त



**धनबाद।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र में गौ-रक्षकों की सतर्कता से गुरुवार को कथित अवैध गौ-तस्करी के एक मामले का खुलासा हुआ। गौ रक्षा दल के सदस्यों ने मवेशियों से लदे एक वाहन को रोककर उसमें से तीन गाय और दो बछिया सहित कुल पांच मवेशियों को मुक्त कराया। हालांकि वाहन चालक और उसका सहयोगी मौके का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गौ रक्षा दल के सदस्य अक्षत पासवान ने बताया कि सुबह लगभग छह से सात बजे के बीच उन्हें मवेशियों की कथित अवैध तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही उनकी टीम बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के आसपास सक्रिय हो गई। करीब दो से तीन घंटे तक निगरानी रखने के बाद संदिग्ध वाहन वहां पहुंचा। टीम ने वाहन का पीछा कर उसे रोक लिया। कार्रवाई के दौरान चालक और वाहन मालिक मौके से भाग निकले। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रस्सियों से बंधी तीन गाय और दो बछिया मिलीं। गौ रक्षा दल का आरोप है कि मवेशियों को अत्यंत अमानवीय ढंग से बांधकर ले जाया जा रहा था। संगठन के सदस्यों का दावा है कि इन मवेशियों को कथित रूप से वासेपुर स्थित कसाई खाने की ओर ले जाया जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गौ रक्षा दल ने वाहन के पंजीकरण संख्या के आधार पर फरार चालक और मालिक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### राहुल गांधी व कांग्रेस सांसदों के समर्थन में जिला कांग्रेस का धरना, लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प



**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी सरकार एवं दिल्ली पुलिस द्वारा लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस सांसदों के साथ कथित दमनात्मक व्यवहार के विरोध में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना- प्रदर्शन का नेतृत्व धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर लोकतंत्र, संविधान और जनहित की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर झारखंड जवाहर बाल मंच के प्रदेश समन्वयक सह धनबाद जिला प्रभारी, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव तथा धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव आशीष सिन्हा भी उपस्थित रहे। धरना-प्रदर्शन के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकताओं ने विपक्ष की आवाज दबाने के कथित प्रयासों की कड़ी आलोचना की।

### उत्पादन और डिस्पैच में पिछड़ी बीसीसीएल, आर्थिक चुनौतियों के बीच बढ़ी चिंता

**धनबाद।** चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड उत्पादन और कोयला डिस्पैच के निर्धारित लक्ष्यों से पीछे रह गई है। कोल इंडिया की प्रमुख इकाई मानी जाने वाली बीसीसीएल के प्रदर्शन को लेकर कंपनी, कर्मचारियों तथा निवेशकों के बीच चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को आयोजित बीसीसीएल बोर्ड की बैठक में पहली तिमाही के वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन की समीक्षा की गई। आंकड़ों के अनुसार कंपनी उत्पादन लक्ष्य की तुलना में केवल 71.72 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर सकी है। वहीं कोयला डिस्पैच में भी लगभग 15.19 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट है कि कंपनी को आगामी तिमाहियों में लक्ष्य हासिल करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। बीसीसीएल के समक्ष एक अन्य बड़ी चुनौती नियमित कर्मचारियों की लगातार घटती संख्या भी है। चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 1,793 कर्मचारी सेवानिवृत्त होंगे, जबकि वर्ष 2027-28 में भी करीब 1,800 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने का अनुमान है। वर्तमान में कंपनी में लगभग 28 हजार नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं। ऐसे में अधिकांश कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से संचालित हो रहे हैं, जिसके बावजूद उत्पादन और डिस्पैच में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। अब 27 जुलाई को प्रस्तावित कोल इंडिया निदेशक मंडल की बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में उत्पादन बढ़ाने और परिचालन सुधार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

# पेपर लीक और छात्र आंदोलन पर कांग्रेस का धरना, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे कथित पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं तथा दिल्ली में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने रणधीर प्रसाद वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने किया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त आदित्य रंजन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर दर्ज सभी प्राथमिकी एवं आपराधिक मुकदमे वापस लेने तथा निष्पक्ष एवं विश्वसनीय शिक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की गई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश का युवा वर्ग निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद परीक्षा प्रणाली चाहता है। धरना को संबोधित करते हुए धनबाद जिला कांग्रेस प्रभारी शकील अख्तर ने आरोप लगाया कि लगातार पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं ने करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी।

शकील अख्तर ने कहा कि ₹छात्रों की गूंज₹ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश के युवाओं के अधिकारों और उनके भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट यू जी 2026 सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आई कथित अनियमितताओं ने परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार से जवाबदेही तय करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि लगातार पेपर लीक, वर्षों तक लंबित रहने वाली भर्तियां, बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है।

## धनबाद-गोमो रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद-गोमो रेलखंड पर गंगा गौशाला के समीप स्थित रेलवे पुल के पास गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना रेलवे के पोल संख्या 284/18 के निकट हुई। शव रेलवे ट्रैक पर पड़े होने के कारण कुछ समय के लिए रेल परिचालन प्रभावित रहा और राजधानी एक्सप्रेस को गोमो स्टेशन पर थोड़ी देर रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार, ट्रैक पर शव दिखाई देने के बाद रेलवे कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। ट्रैकमैन ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को रेल पटरी से हटाया, जिसके बाद राजधानी एक्सप्रेस को आगे के गंतव्य के लिए रवाना किया गया। घटना के कारण कुछ समय तक रेल यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल तथा कतरास थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों तथा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

## एसएनएमएमसीएच की स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

झारखंड दर्शन संवाददाता




**धनबाद।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने झारखंड सरकार को पत्र भेजकर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, धनबाद की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की कथित लापरवाही, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं तथा विभिन्न शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि अस्पताल की व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में असंतोष का माहौल है। हाल ही में अस्पताल के एक वार्ड की छत का प्लास्टर गिरने से कई मरीज घायल हो गए थे।

हालांकि इस घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन इससे भवन की सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। रत्नेश कुमार ने कहा कि सरकार अस्पताल के रखरखाव और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध कराती है, इसके बावजूद साफ-सफाई, भवन रखरखाव और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रात्रि के समय विशेषज्ञ चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं रहती, जिससे गंभीर मरीजों के उपचार में विलंब होता है। यदि इन शिकायतों में सत्यता पाई जाती है तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी स्वतंत्र जांच होनी चाहिए।

पत्र में अस्पताल के अधीक्षक डॉ० डी० के० गिंदोरिया के संबंध में भी विभिन्न शिकायतों का उल्लेख किया गया है।

रत्नेश कुमार ने आरोप लगाया कि अधीक्षक पर निजी नर्सिंग होम के संचालन और सरकारी अस्पताल की जिम्मेदारियों की उपेक्षा करने के आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने इन सभी आरोपों की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराने तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता अथवा लापरवाही सिद्ध होती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## दिल्ली में छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में सिंदरी में विरोध मार्च, पुतला दहन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**सिंदरी।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को सिंदरी में विशाल विरोध मार्च निकाला गया। मार्च नेहरू मैदान से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए शहरपुरा भुजा चौक पहुंचा, जहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इसके बाद नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच तथा छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में नारे लगाए। सभा को सीपीएम धनबाद जिला सचिव विकास कुमार ठाकुर, लोकल कमेटी सचिव गौतम प्रसाद, कांग्रेस नगर अध्यक्ष राज बिहारी यादव, माले नगर सचिव राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, झामुमो नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह, राजद नेता संजीव यादव तथा सुरेश रावत ने संबोधित किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि छात्रों की लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आवाज को बल प्रयोग से दबाने का प्रयास किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि छात्र-युवा अपने अधिकारों और न्याय की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से आगे भी जारी रखेंगे। कार्यक्रम में अशोक महतो, शुबल चंद्र दास, मदन प्रसाद, ऋषिदेव यादव, ओजिंदर यादव, लवकुश यादव, रामबहादुर यादव, सुग्रीव यादव, सुखदेव हांसदा, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, संतोष सिंह, नकुल वर्मा, आनंद कुमार बासफोर, मनीष कुमार, ओमप्रकाश सिंह, पूर्णेंदु सिंह, शिबू राय, अजय सिंह, मुकेश पांडेय, राजू पांडेय, मिथुन मंडल, जितेंद्र शर्मा, प्रमोद कुमार सिन्हा, गोपाल महतो, राजेश मुखर्जी और सुरेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चंद्रशेखर आजाद का बलिदान हर पीढ़ी के लिए राष्ट्रभक्ति की अमर प्रेरणा : राज सिन्हा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अदम्य साहस और अद्वितीय राष्ट्रभक्ति के प्रतीक अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर पॉलिटेक्निक मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, स्वाभिमान, साहस और बलिदान का सर्वोच्च उदाहरण है। राज सिन्हा ने कहा कि आजाद ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर यह सिद्ध किया कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। उनका अमर बलिदान देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए राष्ट्रसेवा, आत्मसम्मान और देशभक्ति की अमिट प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उनके विचार, संघर्ष और त्याग प्रत्येक भारतीय के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हुलास दास, रिंकू सिन्हा, वार्ड पार्षद अशोक पाल, वार्ड पार्षद मनोरंजन सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन, शंभू सिंह, संजीत सिंह, पप्पू गुप्ता, प्रमोद मित्तल, अमित सिंह, बी.पी. सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### झरिया तेजाब कांड पर गरमाई सियासत, राज्य मंत्री ने निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के फुसबंगला में कथित तेजाब कांड को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। 25 अप्रैल को मकान मालिक सरदार जसवीर सिंह और कनक ज्वेलर्स के संचालक जितेंद्र कुमार के बीच हुए विवाद के दौरान दो नाबालिग भाई-बहन के झुलसने के मामले में झारखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष सह राज्य मंत्री ज्योति सिंह मथारू ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली।

उन्होंने पुलिस और चिकित्सा व्यवस्था की भूमिका पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। राज्य मंत्री ने पीड़ित परिवार से बातचीत के बाद कहा कि प्रथम दृष्टया मामला एक गरीब अल्पसंख्यक परिवार के साथ अन्याय का प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिला तथा मामले में पुलिस और चिकित्सा व्यवस्था की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। उन्होंने यह भी दावा किया कि दुकान विवाद में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कब्जे का प्रयास किया गया। उनके अनुसार संबंधित मामले में न्यायालय पहले ही कुछ दावों को खारिज कर चुका था, लेकिन विवाद बढ़ता गया और इसी दौरान नाबालिग बच्ची के तेजाब से झुलसने की घटना हुई। राज्य मंत्री ने आरोप लगाया कि प्रारंभिक चिकित्सा के दौरान घटना की गंभीरता को उचित रूप से दर्ज नहीं किया गया, जबकि बाद में एसएनएमएमसीएच में चिकित्सकीय जांच में बच्ची के तेजाब से झुलसने की पुष्टि होने का दावा किया गया।

### नीट-2026 में 627 अंक लाने वाली स्नेहल झा को विधायक चंद्रदेव महतो ने किया सम्मानित

झारखंड दर्शन संवाददाता



**सिंदरी।** नीट-2026 परीक्षा में 627 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाली सिंदरी के शहरपुरा निवासी अरविंद झा एवं पूजा झा की पुत्री स्नेहल झा को गुरुवार को सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने स्नेहल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि स्नेहल की सफलता पूरे सिंदरी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। स्नेहल की उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा उन्हें भी उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर अध्ययन के बल पर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है तथा युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। सम्मान समारोह के दौरान भाकपा (माले) सिंदरी नगर सचिव राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, राजू पांडेय एवं रोहित महतो भी उपस्थित रहे। वहीं स्नेहल के परिवार की ओर से मुंशी झा, अरुण कुमार झा, शौर्य झा, विजय चौधरी, नीलम ठाकुर तथा विभाष ठाकुर सहित अन्य परिजन और शुभचिंतक मौजूद थे। सभी ने स्नेहल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सहर्ष के शुभागमन पर 'संजय सदन' में भव्य भगवती जागरण, माता के भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम के प्रथम उपमहापौर रहे स्व० नीरज सिंह के मौसेरे भाई तथा झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के देवर हर्ष सिंह के धैया स्थित आवास 'संजय सदन' में उनके पुत्र 'सहर्ष' के शुभागमन के अवसर पर भव्य भगवती जागरण एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक वातावरण और उत्साह से सराबोर इस आयोजन में झारखंड सरकार के मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि तथा शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लेकर नवजात शिशु सहर्ष को स्नेह, शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लखा की मनमोहक प्रस्तुति रही।

उन्होंने माता रानी के एक से बढ़कर एक लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर उपस्थित श्रद्धालु एवं अतिथि भाव-विभोर होकर माता के जयकारे लगाते रहे। इस अवसर पर सिंह परिवार ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, अभिषेक सिंह, पूर्व उपमहापौर एकलव्य सिंह, हर्ष सिंह, आदर्श सिंह सहित सिंह परिवार के अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समारोह में झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह तथा राधाकृष्ण किशोर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इसके अलावा विधान परिषद सदस्य धनंजय सिंह, विधायक सरयू राय, राज्य मंत्री ज्योति सिंह, पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय एवं पशुपतिनाथ सिंह, विधायक अनंत प्रताप देव, ममता देवी, श्वेता सिंह, संजीव सरदार, समीर मोहंती, अरूप चटर्जी, केदार हजारा, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव, जेएससीए कार्यकारिणी सदस्य संजय पांडेय, डॉ० प्रकाश सिंह, डॉ० प्रणय पूर्वे, डॉ० कैलाश प्रसाद, डॉ० नेहा बजाज, डॉ० आशीष बजाज, डॉ० समीर बजाज, डॉ० निर्मल ड्रोलिया, डॉ० राजकुमार सिंह, डॉ० एन.आर. महापात्रा, नंदलाल अग्रवाल, डॉ० ओ.पी. अग्रवाल, चेतन गोयनका, सुरेंद्र जिंदल, कुंभनाथ सिंह, प्रभात सिरोलिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रियंका देवी, उचित महतो, तारा देवी, ज्योति मथारू सहित कई सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों ने भी समारोह में भाग लेकर नवजात शिशु सहर्ष को शुभाशीष दिया।

## डीडीसी ने जिला व प्रखंड समन्वयकों को कार्यप्रणाली सुधारने का दिया अंतिम अवसर

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने स्वच्छ भारत मिशन के जिला एवं सभी प्रखंड समन्वयकों की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें सुधार का अंतिम अवसर दिया है। गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि अगले 10 दिनों में कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई तो नई टीम की नियुक्ति की जाएगी। बैठक में जब डीडीसी ने पंचायतों में सेग्रिगेशन शेड निर्माण की प्रगति की जानकारी मांगी तो प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में प्रखंड समन्वयकों ने उनसे कोई समन्वय नहीं किया है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी जिला एवं प्रखंड समन्वयकों को अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, सैनिटरी पार्क, सांसद आदर्श ग्राम योजना, पीएम जनमन, ओडीएफ प्लस, मॉडल सामुदायिक स्वच्छता परिसर, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

डीडीसी ने जिला समन्वयकों को प्रतिदिन प्रखंड समन्वयकों के कार्यों की समीक्षा कर सभी लंबित कार्य समय पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके बाद जल जीवन मिशन की समीक्षा में उन्होंने हर घर जल प्रमाण-पत्र, लंबित योजनाओं तथा कार्यों की प्रगति का आकलन किया।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 24 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**तलवार ही सब कुछ है, उसके बिना न मनुष्य अपनी रक्षा कर सकता है और न निर्बल की। - गुरु गोविंद सिंह**

## केंद्र सरकार किराए की कोख की दुकानों पर अंकुश लगायेगी

केंद्र सरकार 'किराए की कोख' यानी सरोगेसी मदर की क्लीनिक के नाम पर खुली मनमानी दुकानों पर अंकुश लगने जा रही है। अब कुकुरमुत्तों की तरह देशभर में खुल रही नई दुकानें खोलने पर सख्ती बरती जाएगी। सरोगेसी केंद्रों और इनमें होने वाले फजीर्वाड़े को रोकने के लिए सरकार ने इसमें पंजीयन और संचालन के नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत इन केंद्रों को अब उपग्रहों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। अब केवल राष्ट्रीय पोर्टल और ऑनलाइन आवेदन ही होंगे। इस पर निगरानी ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से होगी। कागजी आवेदन व दस्तावेजीकरण की सुविधा पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। ये क्लीनिक अन्य दूसरे क्लीनिक को चिकित्सा सुविधा नहीं दे सकेगा। केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिए हैं कि नए नियमों का सख्ती से पालन किया जाए।


दरअसल, किराए की कोख का व्यवसायीकरण हो रहा है। यह इस तथ्य से पता चला कि कुछ ही सालों के भीतर देश में 35 से 50 प्रतिशत केंद्रों की संख्या बढ़ गई। इसी अनुपात में देश-विदेश में ठगी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। हैदराबाद में ऐसा गिरोह पकड़ा गया, जो 2 से 4 लाख में कोख किराए पर लेकर 30 लाख रुपए तक में बेच देते थे। यहां तक कि विदेशों से भी शुक्राणु दानदाता लाए गए। यानी देश के बाहर भी बच्चे बेचे गए। हालांकि 2025 में सरकार ने शुक्राणु दाता नियमों में बदलाव किया था लेकिन कारोबारियों ने इन नियमों की अनदेखी की। नाबालिग और अविवाहित लड़कियों की कोख का भी अवैध इस्तेमाल किया गया। भारत में कोख किराए से लेने का खर्च 10 से 25 लाख है, जबकि विदेशों में 80 लाख से डेढ़ करोड़ रुपए तक है। इसलिए सरोगेसी क्लीनिकों में किराए की कोख अवैध कारोबार का बड़ा धंधा बनती जा रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु में सरोगेसी के अनेक ठगी के मामले सामने आए हैं। इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव करना पड़ा। इसके पहले 2025 में लिव इन और समलैंगिक युगलों को किराए की कोख के जरिए माता-पिता बनने का अधिकार देने से साफ मना कर दिया था।

अब ऑनलाइन जानकारी होने से निगरानी तंत्र के पास सरोगेसी क्लीनिक संचालन व नवीनीकरण संबंधी जानकारी हर वक्त सामने होगी। इससे अनियमितता को आसानी से चिन्हित कर लिया जाएगा। क्लीनिक के पास क्या वैध दस्तावेज हैं, इसकी भी पुख्ता जानकारी मिलती रहेगी। कोई भी कमी पाए जाने पर संस्था को प्रतिबंधित किया जा सकेगा। इन केंद्रों के कर्मचारियों और बच्चों के जन्म की जानकारी भी मिलती रहेगी। सरकार इन नियमों को एक साथ लागू करने की बजाय चरणबद्ध अमल में लाएगी। वर्तमान कानून के अनुसार किसी अन्य महिला की कोख के प्रयोग की अनुमति तब मिलती है, जब कानून के अनुसार विवाहित जोड़ा षारीरिक रूप से अक्षम हो या फिर गर्भधारण करने में पत्नी की जान को खतरा हो। अर्थात इस हालात में वैवाहिक जोड़ा सरोगेसी मदर का साहरा ले सकता है। कानून के अनुसार यह भी बाध्यकारी शर्त है कि किराए की कोख देने वाली महिला विवाहित होनी चाहिए और कम-से-कम उसका एक बच्चा भी हो। साथ ही पति की आयु 26 से 55 वर्ष और पत्नी की आयु 23 से पचास वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

किराए की कोख के कानून में परिवर्तन इसके बढ़ते अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने की दृष्टि से किया गया है। अब केवल निःसंतान दंपति जो बच्चे पैदा करने में शारीरिक रूप से अक्षम हैं, वे अपने किसी करीबी रिश्तेदार की मदद ले सकते हैं। इस सुविधा को कानूनी भाषा में ह्यअल्ट्रस्टिक सर्जरी सरोगेसीह्य कहा जाता है। भारत दुनिया के दंपतियों के लिए किराए की कोख का बड़ा व्यावसायिक नाभिकेंद्र बनता जा रहा है, जो सुविधा वास्तविक जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई थी, वह अमीर दंपतियों के लिए शौक में तब्दील होती जा रही है। सूचना तकनीक के बाद भारत में प्रजनन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसमें किराए पर कोख दिए जाने का धंधा भी शामिल है। चिकित्सा पर्यटन के बहाने विदेशी पर्यटक भारत प्रसूति पर्यटन के लिए भी आ रहे हैं।

भारत में किराए की कोख का कारोबार अरबों डॉलर का हो गया है लेकिन यह धंधा अंततः प्रकृति की प्रतिरूप महिला की कोख पर टिका है, ठीक उसी तरह जिस तरह, उदारवादी अर्थव्यवस्था प्रकृति के गर्भ में समाई खनिज संपदाओं के दोहन पर टिकी है। इस धंधे की भारी कीमत उन महिलाओं को चुकानी पड़ी है, जिन्हें अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए हर हाल में धन की जरूरत रहती है। अतएव 2016 में प्रजनन सहायक तकनीक विधेयक लाकर केंद्र सरकार ने इस गोरखधंधे पर अकुंश लगाने की पहल कर दी थी। जो एक सही कदम रहा है। लेकिन इस कानून से उन्हें परेशानी है, जिन्होंने स्त्री की आर्थिक कमजोरी को वस्तु में डालकर उसकी कोख को बाजार के हवाले कर दिया है। वे यह भी दलील दे रहे हैं कि कठोर कानून से विदेशी मुद्रा का आगमन रुक जाएगा। **-प्रमोद भार्गव**

# केंद्र सरकार से इस्तीफा मांग रही कांग्रेस क्या अपनी सरकारें भंग करेगी?


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाएँ उनके सपनों, वर्षों की मेहनत और परिवार की उम्मीदों का आधार होती हैं। जब किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है, तब लाखों अभ्यर्थियों का विश्वास टूटता है। यही कारण है कि पेपर लीक का मुद्दा आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। किंतु दुर्भाग्य यह है कि इस गंभीर विषय पर भी राजनीतिक दल अक्सर सिद्धांत से अधिक सुविधा का सहारा लेते दिखाई देते हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर पेपर लीक को लेकर हमलावर हैं। उनका कहना है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है और सरकार जवाबदेही से बच रही है। विपक्ष का यह अधिकार भी है कि वह सरकार से कठोर प्रश्न पूछे। किंतु लोकतंत्र में यही कसौटी विपक्ष पर भी समान रूप से लागू होती है। यदि पेपर लीक राष्ट्रीय शर्म का विषय है, तो क्या यह प्रश्न सिर्फ केंद्र सरकार से पूछा जाएगा या उन राज्यों से भी, जहाँ कांग्रेस अथवा उसके सहयोगी दलों की सरकारों के दौरान ऐसी घटनाएँ सामने आई हैं?

इसी संदर्भ में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के बयान को साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस के चयनात्मक रवैये पर प्रश्न उठाया है। उन्होंने झारखंड में हिंदी और विज्ञान परीक्षा, तेलंगाना में इंटरमीडिएट भाषा परीक्षा, एसएससी भाषा परीक्षा, तमिलनाडु में बी.एड. परीक्षा, पश्चिम बंगाल में पुलिस कांस्टेबल भर्ती, पंजाब में ग्रुप-डी भर्ती, केरल की लोक सेवा आयोग परीक्षाओं तथा कर्नाटक की परीक्षा से जुड़े मामलों का उल्लेख किया है। वे बताते हैं कि गैर-भाजपा शासित राज्यों में भी प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा अनियमितताओं की लंबी सूची रही है। उनका प्रश्न था कि यदि हर पेपर लीक शर्मनाक है, तब फिर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी समान क्यों नहीं है?

वस्तुतः, उपलब्ध सार्वजनिक विवरण यह संकेत देते हैं कि पेपर लीक की समस्या किसी एक दल, एक सरकार या एक दशक तक सीमित नहीं रही। वर्ष 2004 से 2014 के बीच केंद्र तथा विभिन्न राज्यों में



अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक अथवा गंभीर परीक्षा अनियमितताओं के मामले सामने आए। उपलब्ध सूची के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर यूपीएससी, एसएससी, एनडीए, संयुक्त प्रवेश परीक्षा, आरबीआई, आईबीपीएस, कैट, गेट, क्लैट, रेलवे भर्ती, डीआरडीओ और अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाएँ भी विवादों से अछूती नहीं रहीं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, हरियाणा, असम, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, तमिलनाडु, झारखंड, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और अन्य राज्यों में भी विभिन्न भर्ती परीक्षाओं से जुड़े विवाद समय-समय पर सामने आए हैं। इसके बाद भी स्थिति पूरी तरह नहीं बदली। सरकार नए नियम बनाती है और अपराधी उसमें से निकलने का रास्ता तैयार करके रखता है!

उपलब्ध विवरण के अनुसार 2006 से 2024 के बीच एम्स, एआईईईई, रेलवे भर्ती, टीएनपीएससी, मुंबई विश्वविद्यालय, जम्मू-कश्मीर मेडिकल प्रवेश परीक्षा, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, राजस्थान रीट, झारखंड सीजीएल, बिहार भर्ती, राजस्थान पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती तथा अन्य कई परीक्षाओं को लेकर विवाद सामने आए। इन मामलों के दौरान अलग-अलग समय में कांग्रेस, भाजपा और अनेक क्षेत्रीय दलों की सरकारें सत्ता में थीं। यह तथ्य इस ओर संकेत करता है कि समस्या किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं रही, यह पूरे परीक्षा तंत्र में गहराई तक फैली हुई है।

यहीं से सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है। यदि कांग्रेस आज केंद्र सरकार से जवाब मांग रही है, तो क्या वह अपने शासनकाल या अपने सहयोगी दलों की सरकारों के दौरान सामने आए मामलों पर भी उतनी ही स्पष्टता से आत्ममंथन करेगी? क्या वह यह स्वीकार करेगी कि परीक्षा प्रणाली की कमियों ने लाखों युवाओं को प्रभावित किया? क्या वह उन राज्यों में भी समान राजनीतिक और नैतिक मानदंड लागू करने की मांग करेगी, जहाँ उसके नेतृत्व या समर्थन वाली सरकारों के दौरान ऐसी घटनाएँ हुईं?

आज जनता क्या चाहती है, जनता यह नहीं चाहती कि राजनीतिक दल एक-दूसरे के पुराने रिकॉर्ड पढ़ते रहें और उस आधार पर एक-दूसरे पर कीचड़ उछालते रहें! वह चाहती है कि पेपर लीक की समस्या का स्थायी समाधान निकले। यदि आज केंद्र में भाजपा सरकार है, तो उससे यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह ऐसी व्यवस्था बनाए जिसमें भविष्य में प्रश्नपत्र लीक होना लगभग असंभव हो जाए। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया घोषणा महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के युवाओं का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है और पेपर लीक के सभी मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा चुके हैं। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि पेपर लीक किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश की समस्या है।

यदि यह घोषणा प्रभावी ढंग से लागू होती है, तो यह वर्षों से लंबित उस मांग की पूर्ति होगी जिसमें कहा जाता रहा है कि पेपर लीक के मामलों की जांच और मुकदमे वर्षों तक नहीं चलने चाहिए। हमने इन मामलों में अक्सर देखा है कि कैसे परीक्षा रद्द होती है और दोबारा आयोजित होती है। अभ्यर्थियों का समय और धन दोनों नष्ट होते हैं, लेकिन दोषियों को सजा मिलने में लंबा समय लग जाता है। यही कारण है कि परीक्षा माफिया बार-बार सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में हम उम्मीद करें कि फास्ट ट्रैक कोर्ट इस दुष्चक्र को तोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकता है, लेकिन अकेला न्यायालय पर्याप्त नहीं होगा। प्रश्नपत्रों की एन्क्रिप्टेड डिजिटल सुरक्षा, सुरक्षित प्रिंटिंग, वितरण की आधुनिक प्रणाली, परीक्षा केंद्रों की तकनीकी निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विश्लेषण, भर्ती एजेंसियों की जवाबदेही और संगठित परीक्षा माफिया के आर्थिक नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार भी बहुत आवश्यक है, इसलिए इन सभी मोर्चों पर समानांतर कार्रवाई करनी होगी। ध्यान रहे, जब तक पेपर लीक को लाभकारी अपराध माना जाता रहेगा, तब तक अपराधी नए रास्ते खोजते रहेंगे।

आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि कौन-सा दल किसका पुराना रिकॉर्ड पढ़कर राजनीतिक अंक हासिल करता है। आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल एक समान नैतिक मानदंड स्वीकार करें। यदि किसी भाजपा शासित राज्य में पेपर लीक होता है, तो वहाँ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यदि कांग्रेस या किसी अन्य दल के शासन वाले राज्य में ऐसी घटना होती है, तो वहाँ भी उतनी ही सख्ती और उतनी ही राजनीतिक जवाबदेही दिखाई देनी चाहिए। युवाओं का भविष्य दलगत सीमाओं से कहीं बड़ा विषय है।

देश के करोड़ों अभ्यर्थी आज भाषण नहीं, परिणाम चाहते हैं। वे यह देखना चाहते हैं कि दोषियों को कितनी जल्दी सजा मिलती है, भर्ती प्रक्रियाएँ कितनी पारदर्शी बनती हैं और आने वाले वर्षों में क्या वास्तव में पेपर लीक की घटनाएँ रुकती हैं। आखिरकार, युवाओं के सपनों का प्रश्न किसी चुनावी रणनीति का विषय नहीं बनना चाहिए। जो भी दल सत्ता में हो, उससे जवाबदेही अपेक्षित है। जो भी विपक्ष में हो, उससे समान नैतिकता की अपेक्षा है। यदि राजनीति वास्तव में युवाओं के भविष्य की चिंता करती है, तो उसे आरोपों की प्रतिस्पर्धा छोड़कर विश्वास की पुनर्स्थापना की प्रतिस्पर्धा शुरू करनी होगी। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत होगी और यही भारत के युवाओं के साथ वास्तविक न्याय भी।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# बिहार में यूरिया एवं डीएपी की स्थिति: चुनौती, कारण और समाधान


डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

बिहार देश के प्रमुख कृषि प्रधान राज्यों में से एक है, जहां राज्य की बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। धान, मक्का, गन्ना, गेहूं, दलहन, तिलहन तथा सब्जियों की खेती यहां की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इन फसलों की अच्छी पैदावार के लिए समय पर और संतुलित मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। विशेष रूप से यूरिया और डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) किसानों की सबसे अधिक उपयोग में आने वाली खाद हैं। हर वर्ष खरीफ और रबी सीजन के दौरान इनकी मांग कई गुना बढ़ जाती है। यदि समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं होते तो बुवाई, पौधों की वृद्धि और अंततः उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

वर्तमान खरीफ मौसम में बिहार के कई जिलों से यूरिया और डीएपी की कमी की शिकायतें सामने आई हैं। अनेक स्थानों पर किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने, कृत्रिम कमी पैदा करने और कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आई हैं। इससे किसानों की आर्थिक परेशानी बढ़ी है और खेती की लागत में भी वृद्धि हुई है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है क्योंकि उनके पास अतिरिक्त संसाधन नहीं होते।

विशेषज्ञों के अनुसार बिहार में उर्वरकों की कमी का सबसे बड़ा कारण यह है कि राज्य में यूरिया और डीएपी का पर्याप्त उत्पादन नहीं होता। बिहार अपनी अधिकांश आवश्यकता अन्य राज्यों के उर्वरक संयंत्रों से प्राप्त करता है। इन उर्वरकों की आपूर्ति रेलवे रैक, सड़क परिवहन और गोदामों के माध्यम से होती है। यदि रेलवे रैक समय पर उपलब्ध नहीं होते या परिवहन व्यवस्था बाधित होती है तो जिलों तक उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। कई बार गोदामों से खुदरा विक्रेताओं तक वितरण में भी विलंब होता है, जिससे कृत्रिम संकट की स्थिति बन जाती है।

उर्वरक संकट का एक अन्य कारण असंतुलित उपयोग भी है। अनेक किसान वैज्ञानिक सलाह के बजाय केवल यूरिया पर अधिक निर्भर रहते हैं। इससे यूरिया की मांग अचानक बढ़ जाती है, जबकि फसल को संतुलित पोषण नहीं मिल पाता। कृषि वैज्ञानिक लगातार सलाह देते रहे हैं कि नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का संतुलित उपयोग ही अधिक उत्पादन और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। केवल यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और दीर्घकाल में उत्पादन क्षमता भी घट सकती है।

केंद्र और राज्य सरकार समय-समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाती रही हैं। उर्वरक की आपूर्ति की नियमित निगरानी, जिला स्तर पर भंडारण की समीक्षा, कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी तथा लाइसेंसधारी विक्रेताओं का निरीक्षण जैसे प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। कई जिलों में कृषि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खाद-बीज दुकानों की जांच भी की जा रही है, ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

इसी क्रम में हाल ही में वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने नई दिल्ली में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय की संयुक्त सचिव वंदना प्रेयसी तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के निदेशक (मूवमेंट) अभय कुमार से मुलाकात कर बिहार, विशेष रूप से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में यूरिया और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि खरीफ सीजन में उर्वरकों की कमी के कारण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो सकता है इसलिए आवश्यक है कि बिहार को उसकी मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।

बैठक के दौरान केंद्रीय अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि बिहार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे रैक की उपलब्धता बढ़ाने, वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है।

दीर्घकालिक समाधान के लिए केवल आपूर्ति बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा। बिहार में उर्वरक वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी तथा तकनीक आधारित बनाना होगा। प्रत्येक जिला में मांग के अनुरूप अग्रिम भंडारण, ऑनलाइन निगरानी प्रणाली, नियमित निरीक्षण तथा दोषी विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जैविक खाद, हरी खाद और वैकल्पिक पोषक तत्वों के उपयोग को भी बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता कम हो सके।

बिहार की कृषि व्यवस्था की मजबूती के लिए यूरिया और डीएपी की नियमित, पर्याप्त और समय पर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। यदि केंद्र और राज्य सरकार बेहतर समन्वय के साथ आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करें, परिवहन और वितरण प्रणाली को प्रभावी बनाएं, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करें तथा किसानों को वैज्ञानिक एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करें, तो उर्वरक संकट पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। इससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी, मिट्टी की उर्वरता सुरक्षित रहेगी और बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था भी अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेगी।

# पांडू पिंडारा की पावन धरती पर हरित भविष्य का संकल्प


विनोद कुमार सिंह

भारत की पहचान केवल उसकी प्राचीन सभ्यता या विशाल भौगोलिक सीमाओं से नहीं है, बल्कि उस जीवन-दृष्टि से है जिसने प्रकृति को ईश्वर का स्वरूप मानकर उसके साथ सह-अस्तित्व का मार्ग चुना। यहां नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि मातृशक्ति हैं; पर्वत देवस्वरूप हैं; वन तपोभूमियां हैं और वृक्ष जीवन के आधार हैं। वेदों से लेकर पुराणों तक प्रकृति के संरक्षण को धर्म का अंग माना गया है। अथर्ववेद में पृथ्वी को माता और मनुष्य को उसका पुत्र कहा गया है– 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।' यही भारतीय चिंतन आज जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से जूझती दुनिया के लिए सबसे प्रासंगिक संदेश बनकर उभर रहा है। ऐसी ही अनुभूति मुझे हरियाणा के ऐतिहासिक जनपद जींद के निकट स्थित पांडू पिंडारा की पावन धरती पर हुई। अवसर था भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की ऐतिहासिक मीडिया यात्रा का। जींद से पांडू पिंडारा तक की यह यात्रा केवल एक रेलयात्रा नहीं थी, बल्कि भारत के हरित भविष्य की ओर बढ़ते आत्मविश्वास का सजीव अनुभव थी। आधुनिक विज्ञान की उपलब्धि और सनातन संस्कृति के संदेश का ऐसा अद्भुत संगम विरले ही देखने को मिलता है।

भारतीय रेलवे का हाइड्रोजन ऊर्जा की दिशा में यह कदम केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल भारत के निर्माण का प्रतीक है। यह ट्रेन धुएं और प्रदूषण से मुक्त भविष्य की उस परिकल्पना को साकार करती है, जिसमें विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक बनते हैं। जिस देश ने हजारों वर्ष पूर्व प्रकृति के प्रति श्रद्धा का संदेश दिया, वही देश आज आधुनिक विज्ञान के माध्यम से हरित ऊर्जा की दिशा में दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इस ऐतिहासिक यात्रा में मेरे साथ वरिष्ठ पत्रकार मित्र कुन्दन सिंह, लुबना आशिफ, कंचन अरोरा तथा राजवीर नरवाल भी सहभागी थे। हम सभी समाचार संकलन के उद्देश्य से पहुँचे थे, किन्तु लौटते समय ऐसा अनुभव हो रहा था कि हम केवल एक समाचार नहीं, बल्कि इतिहास का जीवंत अध्याय अपने साथ लेकर लौट रहे हैं। हाइड्रोजन ट्रेन की शांत गति,उसका लगभग निःशब्द संचालन और प्रदूषण-मुक्त यात्रा बार-बार यह विश्वास दिला रही थी कि भारत विकास की उस दिशा में आगे बढ़ चुका है, जहाँ तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण का साधन भी बनेगी। रेल की खिड़की से दिखाई देते खेत, हरियाली और ग्रामीण जीवन मानो स्वयं इस परिवर्तन का स्वागत कर रहे थे। किन्तु इस पूरी यात्रा का सबसे भावपूर्ण क्षण तब आया, जब पांडू पिंडारा रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे अधिकारियों तथा वन विभाग के वन दारोगा मदनलाल के विशेष आग्रह पर पत्रकारों को पौधारोपण करने का अवसर मिला। हमने अपने हाथों से पीपल,नीम और शीशम के पौधे रोपे। उस समय मन में यह भावना स्वतः जाग उठी कि जिस दिन भारत ने हरित ऊर्जा आधारित रेल परिवहन का नया अध्याय प्रारम्भ किया है, उसी दिन धरती को हरित बनाने का संकल्प भी दोहराया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में वृक्ष केवल जैविक इकाई नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक हैं। पीपल को प्राणवायु और दिव्यता का प्रतीक माना गया है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते है- 'अश्वत्थः सर्ववृक्षाणाम्' अर्थात् वृक्षों में मैं अश्वत्थ अर्थात् पीपल हूँ। नीम स्वास्थ्य, औषधि और संरक्षण का प्रतीक है। आयुर्वेद में इसे 'सर्वरोगनिवारिणी' कहा गया है। शीशम दृढ़ता, दीर्घायु और स्थायित्व का प्रतीक माना जाता है। इन तीनों पौधों का एक साथ रोपण मानो प्रकृति, स्वास्थ्य और स्थायी विकास के त्रिवेणी-संकल्प का प्रतीक बन गया। पांडू पिंडारा की धरती स्वयं भारतीय संस्कृति और आस्था का जीवंत केन्द्र है। लोकमान्यताओं के अनुसार सतयुग में निकटवर्ती नेबरहा क्षेत्र में भगवान विष्णु ने वराह अवतार धारण कर पृथ्वी का उद्धार किया था।

त्रेतायुग में भगवान श्रीराम वनवास के दौरान इस क्षेत्र में आए और यहाँ विश्राम किया। द्वापर युग में महाभारत के महाविनाश के उपरांत पांडवों ने अपने पितरों की आत्मशांति के लिए यहीं पिंडदान किया, जिसके कारण इस स्थान का नाम 'पांडू पिंडारा' पड़ा। आज भी देश के अनेक भागों से श्रद्धालु यहाँ पितृ तर्पण और पिंडदान के लिए आते हैं। आस्था की यह निरंतरता भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति है। इतिहासकार इन कथाओं का विश्लेषण अपने- अपने दृष्टिकोण से कर सकते हैं, किन्तु यह निर्विवाद है कि किसी भी समाज की सांस्कृतिक स्मृतियां उसकी आत्मा होती हैं। इन्हीं स्मृतियों के कारण समाज अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है। पांडू पिंडारा की पावन धरती पर खड़े होकर सहज ही अनुभव होता है कि यहाँ केवल इतिहास नहीं, बल्कि आस्था भी साँस लेती है। मुझे उस क्षण बार-बार यह अनुभूति हो रही थी कि एक ओर हजारों वर्षों की पौराणिक परंपराएं हैं और दूसरी ओर इक्कीसवीं सदी की अत्याधुनिक हरित तकनीक। दोनों एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा के दो सशक्त आधार हैं। यही भारत की विशेषता है कि वह आधुनिकता को अपनाते हुए अपनी सांस्कृतिक आत्मा को कभी नहीं छोड़ता। पौधारोपण का यह छोटा-सा कार्य आने वाले वर्षों में बहुत बड़ा संदेश देगा। आज लगाए गए ये पौधे कल विशाल वृक्ष बनेंगे। उनकी छाया में यात्री विश्राम करेंगे, पक्षी अपने घोंसले बनाएँगे, वातावरण शुद्ध होगा और आने वाली पीढ़ियाँ यह जानेंगी कि जिस दिन भारत ने स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेल परिवहन की नई दिशा में कदम बढ़ाया, उसी दिन प्रकृति के संरक्षण का संकल्प भी रोपा गया था। आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और बढ़ते प्रदूषण जैसी समस्याओं से चिंतित है।

वैज्ञानिक नई तकनीकों की खोज कर रहे हैं, सरकारें पर्यावरणीय नीतियाँ बना रही हैं, किन्तु भारतीय संस्कृति ने हजारों वर्ष पूर्व ही इसका सरल समाधान बता दिया था- प्रकृति का सम्मान करो, वृक्षों की रक्षा करो और धरती को माता मानकर उसके साथ व्यवहार करो। यदि हम इस मूल भावना को पुनः अपने जीवन में स्थापित कर दें, तो पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बन सकता है। भारत के प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान ने भी वृक्षारोपण को भावनात्मक जनभागीदारी का स्वरूप दिया है। जब पौधा किसी सरकारी योजना का हिस्सा नहीं, बल्कि माँ के सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का प्रतीक बन जाता है, तब उसका संरक्षण भी सहज संस्कार बन जाता है। पांडू पिंडारा में किया गया पौधारोपण भी उसी राष्ट्रीय चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति प्रतीत हुआ। नई पीढ़ी के लिए यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि आधुनिकता का अर्थ अपनी सांस्कृतिक पहचान से दूर होना नहीं है। विज्ञान और अध्यात्म, विकास और पर्यावरण,तकनीक और परंपरा-इन सभी का संतुलित समन्वय ही भारत की वास्तविक शक्ति है। विकसित भारत का सपना केवल ऊँची इमारतों, आधुनिक उद्योगों और नई तकनीकों से पूरा नहीं होगा; उसे सफल बनाने के लिए हरित पर्यावरण, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उतने ही आवश्यक हैं।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

## आज का राशिफल

**मेष-** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**वृष-** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन-** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा।

**कर्क-** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।

**सिंह-** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**कन्या-** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें।

**तुला-** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**वृश्चिक-** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

**धनु-** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा।

**मकर-** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कुंभ-** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ।

**मीन-** व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढग की परेशानियां पैदा करेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वर्षों से अधूरा पड़ा कटकमसांडी स्टेडियम, निर्माण पूरा कराने की उठी मांग



**कटकमसांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कटकमसांडी स्टेडियम का वर्षों से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य एक बार फिर चर्चा में है। राष्ट्रीय जनता दल के हजारीबाग जिलाध्यक्ष हिरामन यादव उर्फ चरका यादव ने स्टेडियम एवं पवेलियन का अधूरा निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग उठाई है। उन्होंने इस संबंध में तत्कालीन उपायुक्त को पत्र सौंपकर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का आग्रह किया था। पत्र में कहा गया है कि कटकमसांडी स्टेडियम क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण खेल केंद्र है, जहां समय-समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहा है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद स्टेडियम और पवेलियन का निर्माण करीब दस वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे खिलाड़ियों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हिरामन यादव ने कहा कि स्टेडियम का निर्माण पूरा होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास और प्रतियोगिताओं का अवसर मिलेगा तथा कई प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकेंगी। उन्होंने प्रशासन और सरकार से शेष निर्माण कार्य अविलंब पूरा कराने की मांग की है। साथ ही इस मांग की प्रतिलिपि तत्कालीन खेल एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री को भी भेजी गई थी। क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को अब उम्मीद है कि प्रशासन इस लंबे समय से लंबित निर्माण कार्य को जल्द पूरा कर कटकमसांडी को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

### सार्वजनिक चापानलों पर अवैध मोटर लगाने वालों पर नगर निगम का शिकंजा, 5 हजार रुपये जुर्माना वसूला



**हजारीबाग।** नगर निगम हजारीबाग ने सार्वजनिक चापानलों पर अवैध रूप से मोटर और पाइप लगाकर पानी की निकासी करने वालों के खिलाफ गुरुवार को सख्त कार्रवाई की। विशेष अभियान के दौरान देवांगन और मटवारी क्षेत्र के तीन सार्वजनिक चापानलों से अवैध मोटर और पाइप हटाए गए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों से 5 हजार रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। नगर आयुक्त के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में निगम की टीम ने सार्वजनिक चापानलों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया और जब्त किए गए मोटर व पाइप को अपने कब्जे में ले लिया। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक चापानल आम लोगों की सुविधा के लिए हैं। इन पर मोटर लगाकर पानी की निकासी करना नियमों के विरुद्ध है और ऐसे मामलों में आगे भी लगातार जांच कर कार्रवाई की जाएगी। अभियान का नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडे ने किया। इस दौरान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट अरुण कुमार बाउरी, चापानल टीम के लखन राम सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक जल स्रोतों पर अवैध मोटर या पाइप न लगाएं तथा जल संरक्षण और सार्वजनिक संसाधनों के उचित उपयोग में सहयोग करें।

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में झामुमो का प्रदर्शन, केंद्र सरकार का पुतला फूंका

### राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा, छात्रों की मांगों के समर्थन में उठाई आवाज



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र-छात्राओं के आंदोलन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) हजारीबाग जिला समिति ने जिला परिषद चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। झामुमो जिला कार्यालय से कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में जिला परिषद चौक पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान झामुमो नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-2026), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की मूल्यांकन प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्र शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। ऐसे में उन पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि छात्रों की मांगों को सुनने के बजाय उन पर लाठीचार्ज करना केंद्र सरकार की छात्र विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा व्यवस्था को लेकर देशभर में छात्रों में असंतोष है, जिसका समाधान संवाद के माध्यम से होना चाहिए।

जिला सचिव नीलकंठ महतो ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं, परीक्षा संचालन में पारदर्शिता की कमी और मूल्यांकन संबंधी विवादों से छात्र एवं अभिभावक चिंतित हैं। उन्होंने छात्रों पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार की मांग की। कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य यासीन खान, गौरव पटेल, राजा मोहम्मद, सुनील शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रंजीत मेहता, नईम राही, दीपक राय, जिला प्रवक्ता कुणाल यादव, जिला सह सचिव अब्दुल्ला खान सहित बड़ी संख्या में झामुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और छात्र-युवा उपस्थित थे।

## बड़कागांव के 122 विद्यार्थियों को मिली साइकिल, विधायक ने पढ़ाई पर दिया जोर

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के पीएम श्री मध्य विद्यालय में गुरुवार को झारखंड सरकार की साइकिल वितरण योजना के तहत समारोह आयोजित कर आठवीं कक्षा के 122 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने की, जबकि संचालन चेतलाल राम ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रोशनलाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा का विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक रोशनलाल चौधरी और संदीप कुशवाहा ने विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ उठाकर बच्चे आगे बढ़ सकते हैं। विधायक ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने विद्यालय के जर्जर भवनों के स्थान पर नए भवन के निर्माण का भी आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, चेतलाल राम, विनोद रजक, सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## बिरहोर बस्ती पहुंचे उपायुक्त, समस्याओं का लिया जायजा, अगस्त के पहले शनिवार को लगेगा समाधान शिविर



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड के बिरहोर टोला, कंडसार में गुरुवार को उपायुक्त हेमंत सती ने व्यापक निरीक्षण कर बिरहोर समुदाय की समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने गांव का पैदल भ्रमण कर लोगों से सीधे संवाद किया और शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल तथा सरकारी योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नव प्राथमिक विद्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।

बिरहोर टोला में चापाकलों की स्थिति, कच्चे मकानों से बारिश में हो रहे जल रिसाव और विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने कई घरों में छत से पानी टपकने की समस्या पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। महिलाओं ने राशन नहीं मिलने, पेंशन निकासी में परेशानी, आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन और अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं।

इन समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त ने अगस्त माह के पहले शनिवार को बिरहोर टंडा, कंडसार में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित करने की घोषणा की। शिविर में आधार सुधार, बैंक खाता अद्यतन, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य सेवाओं समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े मामलों का मौके पर निपटारा किया जाएगा। ग्रामीणों की खेती योग्य भूमि की मांग पर उन्होंने सामुदायिक वन पट्टा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल का भरोसा भी दिया।

विद्यालय निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई का आकलन किया। बिना ड्रेस के पहुंचे बच्चों को देखकर उन्होंने शिक्षकों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने और खेल-खेल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिया। साथ ही शिक्षण सामग्री का नियमित रूप से कक्षा में उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण में उन्होंने ओपीडी, दवाओं की उपलब्धता, एक्स-रे, लैब, नेत्र एवं दंत चिकित्सा इकाई की व्यवस्था देखी। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुपस्थित मिलने पर नियमित ड्यूटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## बटेश्वर प्रसाद मेहता ने नगर आयुक्त से की मुलाकात

### गांधी मैदान और महापुरुषों की प्रतिमाओं के संरक्षण की उठाई मांग



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता से मुलाकात कर शहर से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गांधी मैदान के सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था और शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं के संरक्षण को लेकर मांगपत्र सौंपा।

मांगपत्र में मटवारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान की जर्जर चारदीवारी का पुनर्निर्माण कराने, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती तथा नियंत्रित प्रवेश व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इससे असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर रोक लगेगी, परिसर में गंदगी कम होगी और सुबह-शाम टहलने आने वाले लोगों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण मिलेगा।

उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की नियमित साफ-सफाई, प्रतिदिन माल्यार्पण, क्षतिग्रस्त प्रतिमाओं की मरम्मत और उनके संरक्षण की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि महापुरुषों की प्रतिमाएं समाज की प्रेरणा और गौरव का प्रतीक हैं, इसलिए उनका सम्मान और रख-रखाव प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए।

नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता ने मांगपत्र में उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मांगों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बटेश्वर प्रसाद मेहता ने उम्मीद जताई कि नगर निगम की त्वरित पहल से गांधी मैदान की गरिमा बहाल होगी, शहर के सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, सुरक्षा और सौंदर्य में सुधार आएगा तथा महापुरुषों की प्रतिमाओं का समुचित संरक्षण और सम्मान सुनिश्चित हो सकेगा।

## सरकारी बस स्टैंड की बदलेगी तस्वीर, यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के सरकारी बस स्टैंड के कायाकल्प की दिशा में नगर निगम ने तैयारी तेज कर दी है। गुरुवार को महापौर अरविंद कुमार राणा और नगर आयुक्त ने सरकारी बस स्टैंड का निरीक्षण कर परिसर की साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था तथा खाली पड़ी भूमि का जायजा लिया। इस दौरान बस स्टैंड के समग्र विकास की विस्तृत योजना पर चर्चा की गई।

निरीक्षण के दौरान महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि सरकारी बस स्टैंड शहर का प्रमुख परिवहन केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। इसलिए यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड के विकास से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है और अब आगे की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर में नियमित साफ-सफाई, पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, यात्रियों के बैठने की बेहतर व्यवस्था तथा खाली पड़ी जमीन पर योजनाबद्ध तरीके से दुकानों के निर्माण पर सहमति बनी। प्रस्तावित दुकानों से यात्रियों को आवश्यक सामान एक ही परिसर में उपलब्ध होगा, वहीं नगर निगम की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को विकास योजना का विस्तृत खाका तैयार कर सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुविधासंपन्न परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

नगर निगम का लक्ष्य सरकारी बस स्टैंड को एक मॉडल परिवहन केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहां यात्रियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलें और शहर की पहचान भी मजबूत हो।

## नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल ने की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें रखी गईं। पहली, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग। दूसरी, नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं और व्यवस्था की विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई। तीसरी, नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी एफआईआर और आपराधिक मामलों को वापस लेने की मांग।

धरना को संबोधित करते हुए जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में बार-बार पेपर लीक होना केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। उन्होंने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ पुलिस कार्रवाई की भी निंदा की। प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन महासचिव रघु जायसवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष परवेज अहमद ने दिया।

### विभावि योग केंद्र में डिप्लोमा और स्नातकोत्तर योग पाठ्यक्रमों में नामांकन शुरू

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योग केंद्र में पीजी डिप्लोमा इन योग (सत्र 2026-27) एवं पीजी इन योग एंड नेचरोपैथी (सत्र 2026-28) पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थियों का चयन मेरिट सूची और काउंसिलिंग के आधार पर किया जाएगा।

योग केंद्र के निदेशक डॉ. राजकुमार चौबे ने बताया कि दोनों पाठ्यक्रमों के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक प्रतिष्ठा/मेजर में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक या जनरल कोर्स में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 5 अगस्त 2026 तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नामांकन से संबंधित लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## एचआर पॉलिसी लागू करने व लंबित वेतन भुगतान की मांग पर जेएसएलपीएस कर्मियों की कलमबंद हड़ताल जारी



झारखंड दर्शन संवाददाता

हजारीबाग/कटकमसांडी। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के कर्मी अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 21 जुलाई से 25 जुलाई तक राज्यव्यापी कलमबंद हड़ताल पर हैं। इसी क्रम में कटकमसांडी प्रखंड के जेएसएलपीएस कर्मियों ने कार्यालय परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। हड़ताल के कारण कई प्रशासनिक एवं योजनागत कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हड़ताली कर्मियों ने बताया कि एचआर पॉलिसी के तहत प्रत्येक वर्ष वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रावधान है, लेकिन कई वर्षों से इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। वहीं, परफॉर्मेंस अप्रेजल का लाभ भी केवल एक वर्ष तक ही मिला, जिसके बाद इसे बंद कर दिया गया। इससे लंबे समय से कार्यरत कर्मियों में निराशा है।

कर्मियों का कहना है कि केंद्र सरकार की नई एनएमएमयू एचआर पॉलिसी लागू हुए करीब तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन झारखंड में अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। इसके कारण राज्य के हजारों जेएसएलपीएस कर्मी कई सेवा संबंधी सुविधाओं और लाभों से वंचित हैं। वेतन भुगतान में देरी पर भी कर्मियों ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि प्रोजेक्ट कर्मियों का छह माह से वेतन लंबित है, जबकि कैडर कर्मियों को 11 माह से मानदेय नहीं मिला है।

## 125 दिनों के रोजगार की गारंटी से गांवों के विकास को मिलेगी नई रफ्तार



झारखंड दर्शन संवाददाता

**कटकमसांडी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी विकसित भारत ग्रामीण रोजगार गारंटी (वीबी-जी रामजी) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को कटकमसांडी प्रखंड की सभी पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पंचायत स्तर पर कराए जाने वाले विकास कार्यों के चयन पर चर्चा की गई। कटकमसांडी पंचायत में आयोजित ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया कुमारी श्रुति पाण्डेय ने की। इस दौरान रोजगार सेवक लखन रविदास ने बताया कि योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही जल संरक्षण, सिंचाई, ग्रामीण सड़क, वृक्षारोपण, सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण तथा अन्य जनहित के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम सभा में पंचायत की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं के प्रस्ताव लिए गए और ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### भाजपा की प्रमंडलीय प्रवासी कार्यकर्ता बैठक संपन्न, बूथ संगठन मजबूत करने पर जोर

## एसआईआर अभियान में बीएलओ का सहयोग करें, योग्य मतदाता का नाम न छूटे : बाबूलाल मरांडी



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग प्रमंडल की प्रमंडलीय प्रवासी कार्यकर्ता बैठक रविवार को शहर के पैराडाइज रिसॉर्ट में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ समितियों के सशक्तिकरण, शक्ति केंद्रों के सत्यापन और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिलों से बड़ी संख्या में मंडल प्रवासी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ समितियों को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश महामंत्री एवं हजारीबाग प्रमंडल प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि एसआईआर अभियान में सभी कार्यकर्ता बीएलओ का पूरा सहयोग करें, ताकि किसी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से न छूटे और किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम शामिल न हो।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम् के साथ हुई।

## डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल में क्लस्टर-टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ

### लोहरदगा, डाल्टनगंज, भवनाथपुर और हजारीबाग के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल, हजारीबाग में डीएवी स्पोर्ट्स-2026 के तहत दो दिवसीय क्लस्टर-क्कक्क टेबल टेनिस टूनामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में लोहरदगा, डाल्टनगंज, भवनाथपुर और हजारीबाग के डीएवी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत डीएवी गान और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। प्राचार्य विवेकानंद चौधरी ने अतिथियों, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का स्वागत करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद डीएवी स्पोर्ट्स ध्वज फहराया गया तथा विद्यालय के हेड बॉय ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन की शपथ दिलाई। इसके साथ ही प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि एलएमसी के उपाध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल रहे। विशिष्ट अतिथियों में अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस अंपायर रविन्द्र कुमार, झारखंड राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं हजारीबाग टेबल टेनिस एसोसिएशन के महासचिव भैय्या मुरारी प्रसाद, टेबल टेनिस अंपायर विकास कुमार दास और शैली नेहल उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल तस्करी, बाल विवाह एवं बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दुमका।** ग्राम ज्योति के तत्वावधान में गुरुवार को दुमका प्रखंड के कुमड़ाबाद उच्च विद्यालय में बाल तस्करी, बाल विवाह एवं बाल सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बाल अधिकारों और सामाजिक कुरीतियों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम ज्योति के जिला समन्वयक मुकेश कुमार दुबे ने बाल विवाह, बाल तस्करी तथा पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। उन्होंने बच्चों से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित विभाग को तुरंत सूचना देने की अपील की। नीति आयोग यूनिट आभा के जिला समन्वयक अमलेश कुमार ने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी से मुक्त समाज का निर्माण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और उन्हें अपनी बात खुलकर रखने के लिए प्रेरित किया।

### किशोरियों के सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**साहिबगंज।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के मार्गदर्शन में श्रीकुंड गुमानी स्थित प्लस-2 उच्च विद्यालय में किशोरियों के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम, गुड टच-बैड टच, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, डिजिटल साक्षरता, डायन प्रथा उन्मूलन, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने छात्राओं को उनके अधिकारों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रायोजन योजना, फोस्टर केयर और आफ्टर केयर जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। छात्राओं से अपील की गई कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाते हुए सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ बेटी के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कराया गया तथा किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड वितरित कर मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

### जंगली मशरूम खाने से 10 लोग बीमार, दो महिलाएं और आठ बच्चे अस्पताल में भर्ती



**मेहरमा।** प्रखंड के ढोढ़ा पंचायत अंतर्गत मेघनाद गांव में विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के 10 लोग बीमार हो गए। सभी को तत्काल मेहरमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक डॉ. राजकुमार सील की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। बीमारों में दो महिलाएं तथा आठ बच्चे शामिल हैं। परिवार के मुखिया पप्पू ठाकुर ने बताया कि बच्चों ने खलिहान में पुआल के बीच उगे जंगली मशरूम (छाता) को इकट्ठा कर घर लाया था। मशरूम की सब्जी बनाकर परिवार के सभी सदस्यों ने भोजन के साथ खाई और इसके बाद धान रोपनी के लिए खेत चले गए। कुछ ही देर बाद खेत में काम कर रही वंदना देवी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें घर लाया गया तो पता चला कि परिवार के अन्य सदस्यों की भी तबीयत खराब हो गई है और सभी को उल्टी होने लगी। इसके बाद सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉ. राजकुमार सील ने बताया कि सभी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। उन्हें सलाइन सहित आवश्यक दवाएं दी गई हैं और चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण सभी की स्थिति नियंत्रण में है।

### संथाल परगना की बदहाल व्यवस्था पर सीता सोरेन ने राज्यपाल को लिखा पत्र



**दुमका।** जामा की पूर्व विधायक एवं पूर्व महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति सीता मुर्मू सोरेन ने झारखंड के राज्यपाल को पत्र लिखकर संथाल परगना क्षेत्र में बिजली, पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राज्यपाल से जनहित में आवश्यक हस्तक्षेप करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्रभावी कार्रवाई के निर्देश देने का आग्रह किया है। अपने पत्र में सीता सोरेन ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों और ऐतिहासिक महत्व से समृद्ध संथाल परगना आज भी आधारभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लगातार अघोषित बिजली कटौती, कम वोल्टेज की समस्या, पेयजल संकट, जर्जर सड़कें, सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी तथा अस्पतालों में चिकित्सकों और जीवनरक्षक दवाओं का अभाव लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रांची और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। सीता सोरेन ने राज्यपाल से विशेष अनुरोध किया कि वे वर्ष में कुछ समय दुमका स्थित राजभवन में प्रवास करें। उनका कहना है कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था की प्रत्यक्ष निगरानी संभव होगी, अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी तथा भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक उदासीनता पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि सावन माह के दौरान देवघर, बासुकीनाथ और दुमका में लाखों शिवभक्त एवं कांवरिये पहुंचते हैं। ऐसे समय यदि राज्यपाल दुमका में प्रवास करें तो प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सक्रिय होगी तथा क्षेत्र की जमीनी समस्याओं का प्रत्यक्ष आकलन भी किया जा सकेगा।

# कृषि योजनाओं की समीक्षा करने देवघर पहुंचे निदेशक, किसानों के साथ की धान की रोपाई

झारखंड दर्शन संवाददाता



**देवघर।** भूमि संरक्षण के निदेशक विकास कुमार ने बुधवार को संयुक्त कृषि भवन, चांदपुर में कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं प्रसार कर्मियों के साथ योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।

उन्होंने आत्मा द्वारा संचालित प्रशिक्षण, किसान परिभ्रमण, प्रत्यक्ष प्रदर्शन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तथा भूमि संरक्षण योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद निदेशक ने देवीपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर भूमि संरक्षण विभाग द्वारा कराए गए तालाबों के जीर्णोद्धार, डीप बोरिंग तथा प्राकृतिक खेती से संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं किसानों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सराहना की। मधुपुर प्रखंड की पत्थलजोड़ पंचायत के चेचाली गांव में आयोजित किसान गोष्ठी में उन्होंने किसानों के बीच शत-प्रतिशत अनुदान पर अरहर के बीज वितरित किए। उन्होंने बताया कि दलहनी फसलें मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किसानों का उत्साह बढ़ाने के लिए निदेशक स्वयं खेत में उतरे और किसानों के साथ पारंपरिक तरीके से धान की रोपाई की। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी बिना कुमारी टुडू, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी यशराज, उप परियोजना निदेशक आत्मा अरविंद कुमार राय, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शशांक शेखर सहित कृषि विभाग के अधिकारी, प्रसार कर्मी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजर सम्मानित



झारखंड दर्शन संवाददाता

**जामताड़ा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के अंतर्गत एन्यूमरेशन चरण में गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया। सम्मानित कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं स्मृति-चिह्न देकर उनके कार्यों की सराहना की गई। सम्मानित बीएलओ में अंजना देवी, ममता देवी, कुलसुम खातून, शमीमा खातून, सपना माझी, जमीला परवीन एवं गीता बाउरी शामिल हैं। वहीं बीएलओ सुपरवाइजर के रूप में पोम्पा माजी, अमरेन्द्र कुमार झा, बीरेन चंद्र मुर्मू तथा शीशु धीवर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनंत कुमार ने कहा कि सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य पूरी निष्ठा, दक्षता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया।

## जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर आयोजित

झारखंड दर्शन संवाददाता



**दुमका।** उद्योग विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत बुधवार को जिला उद्योग केंद्र, दुमका के सभागार में आयातक-निर्यातक कोड विषय पर एक दिवसीय जागरूकता सह पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के उद्यमियों को आयात-निर्यात से जुड़ी प्रक्रियाओं, आईईसी के महत्व, पंजीकरण प्रक्रिया तथा वैश्विक बाजार में व्यापार की संभावनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दास कुमार एक्का ने कहा कि वर्तमान समय में स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के लिए आयातक-निर्यातक कोड अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उद्यमियों से इस सुविधा का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय का विस्तार करने तथा आत्मनिर्भर भारत और विकसित झारखंड के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। स्टेट टैक्स ऑफिसर प्रदीप कुमार मेहरा ने निर्यात से संबंधित कर प्रावधानों, वस्तु एवं सेवा कर अनुपालन तथा व्यापारिक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के शाखा प्रबंधक अजीत कुमार ने डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, डिजिटल भुगतान तथा बैंकिंग सेवाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उद्यमियों को आधुनिक वित्तीय सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इज ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रबंधक मनोज कुमार प्रमाणिक ने आयातक-निर्यातक कोड प्राप्त करने की ऑनलाइन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन की चरणबद्ध प्रक्रिया तथा डीजीएफटी पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण की जानकारी दी। उन्होंने निर्यात व्यवसाय से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं प्रोत्साहन सुविधाओं की भी जानकारी साझा की। शिविर में उपस्थित उद्यमियों एवं इच्छुक व्यवसायियों को आयात-निर्यात व्यवसाय की संभावनाओं, सरकारी सहायता तंत्र तथा आवश्यक औपचारिकताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लेकर इसका लाभ उठाया।

# डायन-बिसाही के आरोप में महिला हत्या मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

▶▶ पांच आरोपी अब तक जेल भेजे गए

झारखंड दर्शन संवाददाता



**देवघर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के मिसरना गांव में डायन-बिसाही के आरोप में महिला की निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे नामजद आरोपी भागीरथ मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

इसके साथ ही इस मामले में अब तक कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद से भागीरथ मंडल लगातार फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव मिसरना आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस जघन्य हत्याकांड में नामजद कई अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

अनुसंधान के दौरान जिन अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है, उनकी भूमिका की भी गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि 27 नवंबर की शाम अंधविश्वास के चलते महिला का अपहरण कर उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद आरोपियों ने शव का सिर धड़ से अलग कर दिया था। पुलिस ने पहले सिर कटा शव और बाद में बंद पत्थर खदान से महिला का सिर बरामद किया था। इस वीभत्स घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने लोगों से अंधविश्वास से दूर रहने तथा ऐसी किसी भी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास



झारखंड दर्शन संवाददाता

**दुमका।** जामा प्रखंड की सिमरा पंचायत अंतर्गत चाचने गांव में गुरुवार को एनआरईपी, दुमका के डीएमएफटी मद से 25.08 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण योजना का विधिवत शिलान्यास जामा विधायक डॉ० लुईस मरांडी ने किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि तथा झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों ने योजना की शुरुआत पर खुशी व्यक्त की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ० लुईस मरांडी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला सुदृढ़ सड़क व्यवस्था होती है। बेहतर सड़क बनने से आवागमन सुगम होता है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि चाचने से सिमरा तक जाने वाली सड़क लंबे समय से जर्जर थी। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लगातार मांग के बाद इस महत्वपूर्ण योजना को स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि सड़क का निर्माण दो चरणों में कराया जाएगा।

कनीय अभियंता प्रफुल्ल पटेल ने बताया कि डीएमएफटी मद से लगभग 1700 फीट लंबी पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिसे निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाएगा। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास का भरोसा दिलाया।

# डालसा सचिव ने विधिक सहायता केंद्रों एवं लीगल एड क्लीनिकों का किया औचक निरीक्षण

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गोड्डा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोड्डा के सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में बुधवार को पोड़ैयाहाट एवं सुंदर पहाड़ी प्रखंड मुख्यालय स्थित विधिक सहायता केंद्रों तथा पंचायत स्तर पर संचालित लीगल एड क्लीनिकों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने विभिन्न केंद्रों की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सुविधाओं तथा आम लोगों को दी जा रही विधिक सहायता की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद डालसा सचिव दीपक कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाना तथा उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और विधिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विधिक सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से आम नागरिकों को आवश्यक कानूनी परामर्श और सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि उनकी कार्यप्रणाली प्रभावी बनी रहे और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को समय पर सहायता मिल सके।

## जसीडीह स्टेशन के पास खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, 35 किलोग्राम मिलावटी पनीर नष्ट



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देश पर जसीडीह रेलवे स्टेशन के आसपास स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने औचक छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा मिलावटखोरी पर प्रभावी रोक लगाना था। छापेमारी के दौरान 'शांति कृष्ण दरबार' प्रतिष्ठान में बिक्री के लिए रखे गए पनीर की मौके पर जांच की गई। जांच में पनीर में भारी मात्रा में स्टार्च की मिलावट पाई गई। इसके बाद विभागीय टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लगभग 25 किलोग्राम मिलावटी पनीर को नष्ट करा दिया। पूछताछ के दौरान दुकानदार ने बताया कि पनीर की आपूर्ति रेलवे के माध्यम से होती है तथा इसका सप्लायर बाढ़ निवासी राजदेव यादव है। इसके बाद टीम ने 'अमन एजेंसी' में भी जांच की। यहां भी पनीर निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। विभाग ने लगभग 8 से 10 किलोग्राम पनीर जब्त कर उसे भी नष्ट करा दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

# मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिरहित बनाने पर जोर, उपायुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण

झारखंड दर्शन संवाददाता



**पाकुड़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मध्य विद्यालय नरोत्तमपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या 214 एवं 215, मध्य विद्यालय वल्लभपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या 434 एवं 435 तथा कीताझोर स्थित मतदान केंद्र संख्या 398, 399 एवं 400 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर आयोजित बीएलओ-बीएलए-2 बैठक एवं चुनाव पाठशाला में भाग लेकर बीएलओ, बीएलए-2, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने एएसडीडी सूची, लंबित प्रपत्रों एवं घर-घर सत्यापन कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाया जाए। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि जिन मतदाताओं का सत्यापन अब तक नहीं हो पाया है अथवा जो बीएलओ और बीएलए-2 के स्तर पर भी नहीं मिल सके हैं, उनके लिए 23 से 25 जुलाई तक विशेष घर-घर सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए विशेष शिविर आयोजित कर पात्र नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बीएलओ एवं बीएलए-2 को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## रेल परियोजना प्रभावित रैयतों के लिए विशेष भुगतान शिविर में उमड़ी भीड़



झारखंड दर्शन संवाददाता

**मेहरमा।** रेल परियोजना से प्रभावित रैयतों को मुआवजा राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंचल परिसर में आयोजित विशेष भुगतान शिविर के अंतिम दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में रैयत पहुंचे। शिविर में भूस्वामियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाया गया तथा पात्र लाभुकों को क्षतिपूर्ति संबंधी बंद पत्र उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान अधिकारियों ने रैयतों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक भुगतान प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न पंचायतों के अलग-अलग सहायता केंद्र बनाए गए थे। हल्की वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में लोग अपने दस्तावेजों के साथ शिविर पहुंचे। कई रैयतों ने अपने अधिकारियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की और भुगतान प्रक्रिया की स्थिति जानी।

## संक्षिप्त खबरें

### बिना चालान छर्री लदा हाइवा व ट्रैक्टर जब्त



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना पुलिस ने अवैध रूप से छर्री परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार देर रात दो वाहनों को जब्त किया। पुलिस ने एनएच-139 स्थित टोल प्लाजा के समीप बने अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर जांच के दौरान छर्री लदा एक हाइवा वाहन पकड़ा, जबकि पथरा पिकेट पुलिस ने मझीगांवा बाजार से छर्री लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि चेकपोस्ट पर नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक हाइवा वाहन को रोका गया, लेकिन चालक आवश्यक चालान व परिवहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वाहन को जब्त कर लिया गया। वहीं मझीगांवा बाजार में संदिग्ध स्थिति में छर्री लेकर जा रहे ट्रैक्टर को भी पकड़कर थाना लाया गया। दोनों मामलों में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि रवि प्रसाद का सम्मान, मत्स्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प



**सतबरवा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद काली चरण सिंह के निर्देश पर सतबरवा के भाजपा नेता रवि प्रसाद को पलामू जिले के लिए मत्स्य विभाग का आधिकारिक सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। नियुक्ति के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विधायक प्रतिनिधि एवं सोशल मीडिया प्रभारी महेश यादव ने रवि प्रसाद को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा सतबरवा मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, विजय पाठक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि रवि प्रसाद मत्स्य विभाग की योजनाओं को प्रभावी ढंग से आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहने का विश्वास व्यक्त किया। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि रवि प्रसाद ने सांसद काली चरण सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता मत्स्य विभाग की सभी जनकल्याणकारी एवं लाभकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। विशेष रूप से स्थानीय किसानों, मछली पालकों और जरूरतमंद लाभुकों को बिना किसी बिचौलिए के सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं की सही जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना और पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाना उनकी जिम्मेदारी होगी। मत्स्य पालन को रोजगार का सशक्त माध्यम बनाने के लिए विभाग और लाभुकों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं के सहयोग से क्षेत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा तथा अधिक से अधिक लोग आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

### राणा राम बदन सिंह सामाजिक समरसता के प्रतीक थे : हृदयानंद मिश्र



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य एवं अधिवक्ता हृदयानंद मिश्र ने वरिष्ठ समाजसेवी तथा सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी राणा राम बदन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनका निधन केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की अपूरणीय क्षति है। श्री मिश्र ने कहा कि राणा राम बदन सिंह उनके पड़ोसी ही नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य से बढ़कर थे। विभिन्न सामाजिक, प्रशासनिक एवं सम सामयिक विषयों पर उनसे निरंतर सार्थक चर्चा होती रहती थी। उनका लंबा प्रशासनिक अनुभव, सरल एवं सौम्य स्वभाव, निष्पक्ष सोच तथा समाज के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर के पद पर अपनी सेवाएँ देने वाले राणा राम बदन सिंह अत्यंत आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी थे। उनके आवास पर प्रत्येक माह श्रद्धापूर्वक श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन होता था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते थे। वे सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक मूल्यों और प्रगतिशील विचारों के प्रबल समर्थक थे। समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के प्रति उनके मन में समान सम्मान, स्नेह और आत्मीयता का भाव था। श्री मिश्र ने बताया कि 85 वर्ष की आयु में गुरुवार सायं लगभग चार बजे राणा राम बदन सिंह का निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# उपायुक्त ने दिए नशा, अवैध खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय नारकोटिक्स समन्वय पोर्टल, कारा प्रशासन एवं जिला टास्क फोर्स की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की रोकथाम, अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर नियंत्रण, कारा प्रशासन की व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जाए।

प्रमुख मार्गों एवं अंतरजिला सीमाओं पर नियमित वाहन जांच अभियान संचालित करते हुए दूसरे जिलों से आने वाले वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री वाले क्षेत्रों की पहचान कर त्वरित छापेमारी करने का निर्देश दिया।

कम उम्र के बच्चों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने तथा स्कूलों, मेडिकल दुकानों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास निगरानी बढ़ाने को कहा। खनन समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बालू घाटों, समाप्त खनन पट्टों तथा संचालित पट्टाक्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कराने, शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा बॉक्साइट परिवहन में ओवरलोडिंग के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाने को कहा। खनिज लदे वाहनों के चालान, ओवरलोडिंग तथा पर्यावरणीय मानकों की भी नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। कारा प्रशासन की समीक्षा में जेल भवन के शेष कार्य शीघ्र पूरा कराने, सीपेज की समस्या दूर करने तथा बंदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

## एक शिक्षक के भरोसे 150 बच्चों की पढ़ाई, विद्यालय परिसर में ट्रांसफॉर्मर बना खतरा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बहेरा कला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। विद्यालय में 150 से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन उनके शिक्षण की पूरी जिम्मेदारी केवल एक शिक्षक पर है। इससे नियमित और गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है तथा विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार एकमात्र शिक्षक को पढ़ाई के साथ-साथ मध्याह्न भोजन, कार्यालयी कार्य और विभागीय बैठकों की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है। इसके कारण विद्यार्थियों को पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय की एक शिक्षिका वर्ष 2016 से प्रतिनियुक्ति पर दूसरे स्थान पर कार्यरत हैं, जबकि उनका वेतन इसी विद्यालय से निर्गत हो रहा है। विद्यालय परिसर में लगा बिजली का ट्रांसफॉर्मर भी बच्चों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। अभिभावकों का कहना है कि कई बार बच्चे हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचे हैं। ट्रांसफॉर्मर को हटाने के लिए कई बार संबंधित विभाग को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## बेतला आगमन पर पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का अलीहसन अंसारी ने किया स्वागत



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के बेतला आगमन पर झारखंड आंदोलनकारी केंद्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने शिष्टाचार भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान अलीहसन अंसारी ने बेतला, पलामू टाइगर रिजर्व तथा आसपास के पर्यटन स्थलों के समग्र विकास, पर्यटकों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्थानीय युवाओं को पर्यटन क्षेत्र से जोड़कर रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पर्यटन मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने अलीहसन अंसारी द्वारा रखे गए सुझावों को गंभीरता से सुना और कहा कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों के विकास एवं पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने पर्यटन विकास से जुड़े सुझावों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन भी दिया। अलीहसन अंसारी ने कहा कि बेतला झारखंड की पर्यटन पहचान है। यहां प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवों की समृद्ध विरासत मौजूद है। ऐसे में बेतला एवं पलामू टाइगर रिजर्व में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, जिससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर दोनों ने क्षेत्र में पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा बेतला को राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## वन राखी मूवमेंट की स्वर्ण जयंती पर पौधों का वितरण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



झारखंड दर्शन संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वन राखी मूवमेंट की स्वर्ण जयंती के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के सीतापुर, गुतुरमा और मैनपाट क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता, पर्यावरणविद् एवं विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० कौशल किशोर जायसवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कैंप नंबर-2 और कैंप नंबर-3 स्थित बौद्ध मंदिरों में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पौधा अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बौद्ध भिक्षुओं तथा स्थानीय लोगों के बीच पौधों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों लुंबिनी, बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर में भी पौधारोपण एवं वन राखी अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया है।

महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान उन्होंने बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व उनके द्वारा लगाए गए चंपा, पारिजात और कपूर के पौधे आज वृक्ष का रूप ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऊपर सूर्य और नीचे वृक्ष के बिना किसी भी जीव की कल्पना नहीं की जा सकती उन्होंने लोगों से वनों को भाई-बहन का स्नेह देकर उनकी रक्षा करने का आह्वान किया तथा कहा कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन अंततः मानवता के लिए संकट का कारण बनेगा। डॉ० जायसवाल ने तिब्बत के 11 वें पंचेन लामा का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी देश को किसी धर्मगुरु की स्वतंत्रता का हनन करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने पंचेन लामा और उनके माता-पिता के संबंध में जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। कार्यक्रम में तिब्बती धर्मगुरुओं, मंदिर के पुजारियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## स्क्रीनिंग समिति की बैठक में 70 कर्मियों को एसीपी-एमएसीपी का लाभ देने का निर्णय



झारखंड दर्शन संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। उच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में आयोजित इस बैठक में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम से समायोजित 70 कर्मियों को एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में अनुसेवक सहित विभिन्न श्रेणी के कर्मियों की सेवा अभिलेखों की विस्तार से समीक्षा की गई। पात्र पाए गए कर्मियों को उनकी सेवा अवधि के अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय एसीपी - एमएसीपी का लाभ स्वीकृत किया गया। निर्णय के अनुसार 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने वाले कर्मियों को प्रथम, 20 वर्ष की सेवा पूरी करने वालों को द्वितीय तथा 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मियों को तृतीय वित्तीय उन्नयन का लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र कर्मियों को नियमानुसार शीघ्र लाभ उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें लंबे समय से लंबित वित्तीय उन्नयन का लाभ मिल सके। बैठक में सेवा अभिलेखों के सत्यापन तथा नियमों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, स्थापना उपसमाहर्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप सभी मामलों का निष्पक्ष निष्पादन किया जा रहा है तथा कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## गुमला में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, यूनिक बेकरी पर लगा जुर्माना



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गुमला।** संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त झारखंड, उपायुक्त गुमला तथा अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के संयुक्त निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुमला शहर में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था। अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर एवं आशा राज शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, चाट-ठेलों, किराना दुकानों तथा थोक एवं खुदरा बेकरी प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, खाद्य लाइसेंस, पंजीकरण, उत्पादों की समाप्ति तिथि तथा लेबलिंग संबंधी प्रावधानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान यूनिक बेकरी में स्वच्छता मानकों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अर्थदंड लगाया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई के नियमों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अन्य कई प्रतिष्ठानों में भी कमियां मिलने पर संचालकों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। सड़क किनारे संचालित चाट एवं फास्ट फूड विक्रेताओं को खाद्य सामग्री ढककर रखने, शाकाहारी एवं मांसाहारी खाद्य पदार्थ अलग रखने, अखाद्य रंगों का प्रयोग नहीं करने तथा भोजन परोसने या पैक करने में समाचार पत्र का उपयोग नहीं करने की हिदायत दी गई।

## शादी का झांसा देकर युवती के शारीरिक शोषण का आरोप, आरोपी युवक व उसके पिता गिरफ्तार



झारखंड दर्शन संवाददाता

**पीपरा।** पीपरा थाना क्षेत्र की एक युवती ने दलपतपुर गांव निवासी 19 वर्षीय धीरेंद्र कुमार पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में युवती की ओर से पीपरा थाना में लिखित आवेदन दिया गया, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने गुरुवार को बताया कि युवती के आवेदन के आधार पर पीपरा थाना कांड संख्या 39/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी धीरेंद्र कुमार तथा उसके पिता अजय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, युवती का विवाह कहीं और तय हो चुका था। आरोप है कि धीरेंद्र कुमार ने उससे शादी करने का आश्वासन देकर उसे महाराष्ट्र के पुणे ले गया, जहां उसके साथ शारीरिक शोषण किया। बाद में जब धीरेंद्र के पिता अजय कुमार सिंह को इसकी जानकारी हुई, तो वे दोनों को वापस गांव लेकर आए। युवती का आरोप है कि गांव लौटने के बाद उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, अपशब्द कहे गए और उसे घर से वापस भेज दिया गया। साथ ही धीरेंद्र कुमार और उसके पिता ने विवाह करने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने थाना में लिखित शिकायत देकर न्याय की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। गिरफ्तारी अभियान में थाना के सहायक अवर निरीक्षक ललन दास सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक तथा तीन के पास कूड़े का अंबार, दुर्गंध से बच्चे और लोग परेशान



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या-8 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-1 एवं 2 के समीप कूड़ा-कचरा का अंबार लगा हुआ है। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द कचरा हटाने की मांग की। लोगों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र के तीनों तरफ कूड़ा जमा होने से आसपास का वातावरण पूरी तरह प्रदूषित हो गया है। कूड़े से निकल रही तेज दुर्गंध के कारण आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले छोटे बच्चों, सहायिकाओं और आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कचरे के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-3 में केवल दो बच्चे उपस्थित मिले, जबकि केंद्र संख्या-1 में एक भी बच्चा मौजूद नहीं था। केंद्र में बच्चों के बैठने, पढ़ने और पढ़ाने की कोई व्यवस्था भी नहीं दिखी।

भवन के आसपास गंदगी और कचरे के कारण अभिभावक बच्चों को केंद्र भेजने से भी हिचक रहे हैं।वार्ड पार्षद श्वेता देवी ने बताया कि इस समस्या की जानकारी नगर पंचायत को पहले भी दी गई थी। करीब एक माह पूर्व कुछ कचरे का उठाव कराया गया था, लेकिन दोबारा बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो गया है। उन्होंने कहा कि पुनः नगर पंचायत प्रशासन को इसकी सूचना देकर जल्द सफाई कराने की मांग की जाएगी। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ पारितोष प्रियदर्शी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं फिलहाल एसआईआर कार्य में लगी हुई हैं। जल्द ही आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और समस्या का समाधान कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सफाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे।

## पंचायत स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 136 युवाओं को मिला लर्निंग लाइसेंस



झारखंड दर्शन संवाददाता

**मेदिनीनगर।** परिवहन विभाग के निदेर्शानुसार मनातू प्रखंड के मंझौली-1 पंचायत क्लस्टर में गुरुवार को पंचायत स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कुल 182 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 136 आवेदकों को मौके पर ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया गया। शिविर में जिला परिवहन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों को लाइसेंस वितरित किया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में गुड सेमेरिटन योजना और हिट एंड रन मुआवजा योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले लोगों को कानूनी संरक्षण और प्रोत्साहन दिया जाता है। साथ ही सड़क दुर्घटना से प्रभावित लोगों के लिए उपलब्ध सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर में पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटरों की तैनाती के कारण आवेदन की जांच और लाइसेंस निर्गत करने की प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हुई।

हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन बोकारो, शुक्रवार 24 जुलाई 2026 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com


## संक्षिप्त खबरें

### चार महिला जूडो खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स में बनाई जगह, मजबूत प्रशिक्षण व्यवस्था का दिखा असर

**नई दिल्ली।** भारतीय जूडो को लंबे समय से जिस मजबूत खिलाड़ी विकास प्रणाली की जरूरत थी, उसका असर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है। बेहतर प्रशिक्षण, वैज्ञानिक तैयारी और निरंतर सहयोग के दम पर चार भारतीय महिला जूडो खिलाड़ियों ने ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में स्थान हासिल किया है। कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए चुनी गई खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश की यामिनी मौर्या, उत्तराखंड की उन्नति शर्मा, पंजाब की इशरूप नारंग और मणिपुर की तखेलंबम इनुंगनबी शामिल हैं। चारों खिलाड़ियों ने पिछले कुछ वर्षों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की की है। इन खिलाड़ियों को एक्सिस बैंक और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) के संयुक्त खिलाड़ी विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं मिलती रही हैं। इस पहल के माध्यम से अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को सहायता दी जा चुकी है, जिनमें 471 जूनियर और 53 एलीट महिला जूडो खिलाड़ी शामिल हैं। इस कार्यक्रम से जुड़े खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 140 से अधिक पदक जीते हैं। इसके अलावा खिलाड़ियों को जापान, जॉर्जिया और उज्बेकिस्तान जैसे देशों में आयोजित 11 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों में हिस्सा लेने का अवसर मिला, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्राप्त हुआ।

### हैमस्ट्रिंग चोट के कारण भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हुए मिल्टन शुम्बा



**हरारे।** जिम्बाब्वे के बल्लेबाज मिल्टन शुम्बा दाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह इनोसेंट काइया को टीम में शामिल किया गया है, जो सीरीज के पहले मुकाबले से पहले हरारे में टीम के साथ जुड़ चुके हैं। शुम्बा का मंगलवार को स्कैन कराया गया, जिसमें उनकी हैमस्ट्रिंग की चोट की पुष्टि हुई। इसके बाद 25 वर्षीय बल्लेबाज को पूरी टी-20 श्रृंखला से बाहर कर दिया गया। उनके स्थान पर टीम में शामिल किए गए इनोसेंट काइया की भी लंबे समय बाद वापसी हुई है। उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला जुलाई 2024 में खेला था, जो संयोग से हरारे में भारत के खिलाफ ही था। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ समाप्त हुई तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में शुम्बा ने सभी मुकाबले खेले थे। यह वर्ष 2022 के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी थी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मुकाबला आज खेला जा रहा है। इसके बाद दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः शनिवार और रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में ही आयोजित होगा।

# फीफा विश्व कप की ड्रीम इलेवन घोषित, मेसी, एम्बाप्पे और हालैंड को मिली जगह

एजेंसी

ज्यूरिख। फीफा विश्व कप 2026 की प्रशंसकों द्वारा चुनी गई ड्रीम इलेवन की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी, फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे, नॉर्वे के एरलिंग हालैंड और इंग्लैंड के जूद बेलिंघम जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को जगह मिली है। विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने वाले केप वर्डे के गोलकीपर वोजिन्हा को भी ड्रीम इलेवन में शामिल किया गया है।

40 वर्षीय वोजिन्हा को गोलकीपर के लिए हुए प्रशंसकों के मतदान में 39.6 प्रतिशत वोट मिले। उन्होंने विश्व कप में पदार्पण करने वाले केप वर्डे के लिए शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, टूर्नामेंट का गोल्डन ग्लव पुरस्कार स्पेन के उनाई



सिमोन को मिला था, जिसका चयन फीफा के तकनीकी समूह ने किया था।

विश्व कप से पहले पुर्तगाल के दूसरे डिवीजन क्लब चावेस छोड़ने के बाद वोजिन्हा किसी क्लब से नहीं जुड़े थे। इसके बावजूद उन्होंने विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्पेन के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में सात शानदार बचाव किए। इसके अलावा उन्होंने अंतिम-32 मुकाबले में अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय तक खेलने के लिए मजबूर करने में भी अहम भूमिका निभाई। नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड को फॉरवर्ड खिलाड़ियों के मतदान में 27.5 प्रतिशत वोट मिले। हालैंड ने पांच मैचों में सात गोल दागे और अपनी टीम को पहली बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पांच बार की चैंपियन ब्राजील के खिलाफ 2-1 की जीत में दो गोल किए थे। नॉर्वे का सफर इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुआ।

ड्रीम इलेवन में हालैंड और वोजिन्हा के अलावा लियोनेल मेसी, किलियन एम्बाप्पे, जूद बेलिंघम, रोद्री, माइकल ओलिसे, पेड्रो पोरो, लिसांड्रो मार्टिनेज, दायो उपामेकानो और मार्क कुकुरेला को भी स्थान मिला है।

**ड्रीम इलेवन**

**गोलकीपर:** वोजिन्हा (केप वर्डे)

**डिफेंडर:** पेड्रो पोरो (स्पेन), लिसांड्रो मार्टिनेज (अर्जेंटीना), दायो उपामेकानो (फ्रांस), मार्क कुकुरेला (स्पेन)

**मिडफील्डर:** रोद्री (स्पेन), माइकल ओलिसे (फ्रांस), जूद बेलिंघम (इंग्लैंड)

**फॉरवर्ड:** लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना), एरलिंग हालैंड (नॉर्वे), किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस)

### एमआरएफ के ऑस्ट्रेलिया ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए बिहार के तेज गेंदबाज वासुदेव प्रसाद का चयन

# बीसीए अध्यक्ष हर्षवर्धन ने जताया गर्व

एजेंसी

**पटना ।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने गुरुवार को घोषणा की कि उसके उभरते तेज गेंदबाज वासुदेव प्रसाद का चयन प्रतिष्ठित एमआरएफ पेस फाउंडेशन के ऑस्ट्रेलिया में आयोजित हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए किया गया है।

वासुदेव ने देशभर में आयोजित कड़े चयन ट्रायल को सफलतापूर्वक पार करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस ट्रायल में केवल उन्हीं तेज गेंदबाजों का चयन किया गया, जिन्होंने अपनी रफ्तार, सटीकता, निरंतरता और समग्र प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।

इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा, यह बिहार क्रिकेट के लिए बेहद गर्व का क्षण है। वासुदेव प्रसाद का इतने प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चयन इस बात का प्रमाण है कि बिहार में क्रिकेट का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। यह उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और हमारे खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जा रहे बेहतर अवसरों का परिणाम है। हम प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को आगे बढ़ाने और उनका पूरा



सहयोग करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा, बिहार के खिलाड़ियों की लगातार प्रगति और वैभव सूर्यवंशी जैसी उपलब्धियां स्पष्ट संकेत देती हैं कि बिहार क्रिकेट संघ सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सामूहिक प्रयासों और दीर्घकालिक सोच के साथ हम राज्य की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुजफ्फरपुर निवासी वासुदेव प्रसाद बिहार की ओर से अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 स्तर पर खेल चुके हैं। उन्होंने बीसीसीआई की घरेलू प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन से भी प्रभावित किया है।

इस बीच, गोपालगंज निवासी रिंकल तिवारी, जिन्होंने बिहार की ओर से अंडर-19 स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है, का पहले ही एमआरएफ पेस फाउंडेशन के तेज गेंदबाजी विकास कार्यक्रम के लिए चयन हो चुका है। बाद में उनका चयन बीसीसीआई की नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) और जोनल प्रतियोगिताओं के लिए भी हुआ, जो उनकी लगातार प्रगति और उज्ज्वल भविष्य को दर्शाता है। बिहार क्रिकेट संघ के सचिव जियाउल आरफिन ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, वासुदेव प्रसाद की उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिणाम है। उनका चयन केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय और राज्य के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। हमें विश्वास है कि वह इस अवसर का पूरा लाभ उठाएंगे और भविष्य में बिहार तथा भारत का नाम रोशन करेंगे।

## चाइना ओपन 2026: अंतिम-16 में हारकर बाहर हुईं पी.वी. सिंधु



एजेंसी

**चांगझोउ।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु का चाइना ओपन 2026 में सफर अंतिम-16 दौर में ही समाप्त हो गया। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई ने शानदार वापसी करते हुए सिंधु को 16-21, 22-20, 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिंधु ने मुकाबले की शानदार शुरूआत करते हुए पहला गेम अपने नाम किया। हालांकि दूसरे गेम में उनके पास मैच खत्म करने के चार मौके थे, लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा सकीं और चेन ने लगातार पांच अंक जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

पहले गेम में चेन ने 12-6 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिंधु ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 16-16 से बराबर किया और इसके बाद लगातार अंक जुटाकर 21-16 से गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में सिंधु पूरी तरह नियंत्रण में नजर आईं और 20-17 की बढ़त के साथ उनके पास चार मैच प्वाइंट थे। लेकिन इसी मोड़ पर चेन ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार पांच अंक हासिल किए और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबले को तीसरे गेम में पहुंचा दिया।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले बांग्लादेश को झटका

### तेज गेंदबाज इबादत हुसैन बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इबादत अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण बांग्लादेश में ही रहेंगे और टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करेंगे।

बांग्लादेश की टीम 13 अगस्त से डार्विन में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र का हिस्सा है। फिलहाल बांग्लादेश डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में चौथे स्थान पर है और इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा।

हालांकि इबादत की गैरमौजूदगी के बीच टीम को एक



राहत भी मिली है। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की बेहतर तैयारी के लिए श्रीलंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से अपना नाम वापस ले लिया है। तस्कीन ने कहा, मेरा मुख्य लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी करना है। हमने जिम्बाब्वे में लगातार छह मैच खेले हैं। अगर मैं एलपीएल भी खेलता और फिर सीधे ऑस्ट्रेलिया जाता तो टेस्ट मैच की तैयारी प्रभावित होती। इसलिए थोड़ा नुकसान उठाकर भी मैंने एलपीएल से हटने का फैसला किया।

## चौथी हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप आज से

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी की उभरती प्रतिभाओं को मंच देने वाला चौथा हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 2026 (जोन ए एवं बी) शुक्रवार, 24 जुलाई से मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शुरू होगा। 11 दिनों तक चलने वाला यह टूर्नामेंट 3 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश की 12 प्रमुख जूनियर महिला हॉकी अकादमियां खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों को दो पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल में छह-छह टीमें हैं और लीग चरण में सभी टीमें अपने-अपने पूल की अन्य टीमों से मुकाबला करेंगी। दोनों पूल से शीर्ष दो टीमें 2 अगस्त को होने वाले सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी, जबकि 3 अगस्त को तीसरे स्थान का मुकाबला और फाइनल खेला जाएगा।

पूल-ए में राजा करण हॉकी अकादमी, खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर), स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात-हॉकी अकादमी, हॉकी फैमिली बढ़खालसा एनसीआर हॉकी

**ग्वालियर करेगा मेजबानी**




सोसायटी, तमिलनाडु हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी, सोनीपत शामिल हैं।

वहीं पूल-बी में रितु रानी हॉकी अकादमी, वडीपट्टी राजा हॉकी अकादमी, भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता, मुंबई स्कूल्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन, अड्यार हॉकी अकादमी और मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी की टीमें खेलेंगी।

टूर्नामेंट में लीग चरण के दौरान जीत पर तीन अंक, ड्रॉ पर एक अंक और हार पर कोई अंक नहीं मिलेगा। नॉकआउट मुकाबलों में बराबरी की स्थिति होने पर विजेता का फैसला अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के नियमों के अनुसार शूटआउट से किया जाएगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप भारत में महिला हॉकी के जमीनी ढांचे को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच बन चुकी है। इससे युवा खिलाड़ियों को देश की बेहतरीन अकादमियों के खिलाफ खेलने का अवसर मिलता है और भविष्य की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों की पहचान करने में मदद मिलती है।

## व्यापार



# अमेरिका-ईरान तनाव से कच्चा तेल 98 डॉलर प्रति बैरल के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एकबार फिर तेजी दर्ज हुई है। ब्रेंट क्रूड गुरुवार को 4 फीसदी बढ़कर 98 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है, जो पिछले छह हफ्तों का उच्चतम स्तर है।




अंतरराष्ट्रीय बाजार में कारोबार के दौरान कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। ब्रेंट क्रूड 4.58 डॉलर यानी 4.87 फीसदी की तेजी के साथ 98.65 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है, जो पिछले 6 हफ्तों का उच्चतम स्तर है। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई क्रूड) भी 3.69 डॉलर यानी 4.25 फीसदी की उछाल के साथ 90.52 प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने देश में महंगाई और ऊर्जा संकट बढ़ा दिया है। इससे भारतीय मुद्रा रुपये और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) के फ्लो पर असर पड़ने की संभावना है। वहीं, कच्चे तेल के महंगे होने से भारत की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के रिटेल फ्यूल मार्जिन पर भारी दबाव पड़ा है, जिससे डीजल पर कंपनियों को प्रति लीटर 20.4 रुपये का घाटा हो रहा है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला इंडो एमआईएम का आईपीओ, 30 जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपोनेंट बनाने वाली कंपनी इंडो एमआईएम का 3,811.21 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 27 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 28 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 29 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 30 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 3:15 बजे तक ये आईपीओ 82 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 461 रुपये से लेकर 485 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 30 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 30 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,550 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,89,150 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 390 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 1 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 7,86,00,300 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें



1,03,09,278 नए शेयर जारी हो रहे हैं, जबकि 6,82,91,022 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये जारी किए जा रहे हैं।

इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 49.87 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 34.91 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.96 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा कंपनी के एंप्लॉयीज के लिए 0.26 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।

## प्राइमरी मार्केट में एक्सट्रानेट टेक का आईपीओ लॉन्च



एजेंसी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की आईटी सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी एक्सट्रानेट टेक्नोलॉजीज का 166.80 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 27 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है।

इश्यू की क्लोजिंग के बाद 28 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 29 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 30 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 2:30 बजे तक ये आईपीओ 61 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 120 रुपये से लेकर 127 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 110 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 110 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 13,970 रुपये का निवेश करना होगा।

# कर्णसुबर्ण रेल हादसा : मृतकों के परिजनों से मिले मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, पांच लाख मुआवजे का ऐलान

एजेंसी



**मुर्शिदाबाद।** जिले के कर्णसुबर्ण रेल फाटक हादसे में जान गंवाने वाले चार बच्चों समेत पांच मृतकों के परिजनों से मिलने के लिए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी गुरुवार को कर्णसुबर्ण पहुंचे और सबसे पहले शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

परिजनों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि फूल जैसे मासूम बच्चों की मौत पर दुख व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। पैसे से इस क्षति की भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। व्यक्तिगत रूप से मेरे पास आंसुओं के अलावा देने के लिए कुछ नहीं है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार मृतकों के प्रत्येक परिवार को पांच लाख और घायलों को एक लाख की आर्थिक सहायता देगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आर्थिक मदद के अलावा भी सरकार पीड़ित परिवारों के साथ हरसंभव सहयोग करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में रेलवे और पुलिस ने उन्हें बताया है कि रेल फाटक कर्मी की घोर लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने इसे अक्षम्य अपराधङ्क बताते हुए दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं वादा करता हूं कि दोषी को कठोरतम दंड मिलेगा। परिवारों ने मुझसे कुछ अन्य मांगें भी रखी हैं, जिन्हें पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को मुर्शिदाबाद के कर्णसुबर्ण रेलवे फाटक पर रेलगेट खुला होने के दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेन ने स्कूल वैन (पुलकार) और एक साइकिल को टक्कर मार दी थी। इस भीषण हादसे में चार स्कूली बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे।

जांच में सामने आया कि ड्यूटी पर तैनात गेटमैन कथित रूप से नशे की हालत में था और समय पर रेलवे फाटक बंद नहीं कर पाया। घटना के दिन ही उसे निलंबित कर दिया गया था और बाद में बहरमपुर थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सीजेपी आंदोलन की आंच कोलकाता पहुंची, पुलिस से मांगी रैली की अनुमति

**कोलकात।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन के बाद चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) अब कोलकाता में भी प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। संगठन ने शुक्रवार को कॉलेज स्क्वायर से रानी रासमणि रोड तक मार्च निकालने की अनुमति के लिए कोलकाता पुलिस को ई-मेल भेजा है। पुलिस के अनुसार, 19 और 21 जुलाई को संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) को भेजे गए ई-मेल में देदीप्य गांगुली नामक व्यक्ति ने स्वयं को सीजेपी का सदस्य बताते हुए रैली की अनुमति मांगी है। आवेदन में शुक्रवार शाम चार बजे मार्च निकालने तथा



लगभग एक हजार 500 लोगों के शामिल होने की बात कही गई है। देदीप्य गांगुली ने बताया कि अभी तक पुलिस से अनुमति नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि अनुमति मिलने के बाद ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। दूसरी ओर, कोलकाता पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है।

संगठन ने दावा किया है कि कोलकाता के छात्र-युवाओं को इस मार्च में शामिल होने का आह्वान किया गया है। साथ ही, शिक्षा भर्ती घोटाले और अन्य भ्रष्टाचार के मामलों में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनसे इस रैली से दूर रहने की अपील भी की गई है। उल्लेखनीय है कि, मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के कथित प्रश्नपत्र लीक और दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में सीजेपी के आंदोलन को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। संसद के मानसून सत्र में भी इस मुद्दे पर लगातार हंगामा हुआ।

# जन्म और मृत्यु सर्टिफिकेट मामले में बड़ा एक्शन : सिलीगुड़ी नगर निगम में पुलिस की छापेमारी

एजेंसी



**सिलीगुड़ी।** जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र में कथित अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच के तहत गुरुवार को सिलीगुड़ी नगर निगम में सिलीगुड़ी थाने की पुलिस ने छापेमारी की है। पुलिस की टीम निगम कार्यालय पहुंचकर विभिन्न दस्तावेजों की जांच में जुट गई है।

सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान रिकॉर्ड रूम में भी तलाशी ली गई है और जरूरत पड़ने पर इसे सील कर कई वर्षों के दस्तावेजों का विस्तृत ऑडिट किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि जन्म और मृत्यु से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है। जांचकर्ता पुराने रजिस्टर, आवेदन पत्र और पंजीकरण से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रहे है।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि जांच में यह देखा जा रहा है कि कहीं फर्जी दस्तावेज, गलत पंजीकरण या नियमों के खिलाफ प्रमाणपत्र जारी तो नहीं किए गए। हालांकि, इस मामले में पुलिस ने आधिकारिक रूप से विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है।

दरअसल, राज्य में मतदाता सूची के विशेष संशोधन (एसआइआर) प्रक्रिया के दौरान जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्रों को लेकर कई अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। उसी के आधार पर विभिन्न जिलों में नगर निकायों और पंचायत कार्यालयों में दस्तावेजों की जांच चल रही है, और सिलीगुड़ी में यह कार्रवाई उसी का हिस्सा मानी जा रही है। इस मुद्दे पर सिलीगुड़ी नगर निगम के पूर्व विपक्ष नेता अमित जैन ने कहा कि पुलिस के पास जरूर कोई ठोस जानकारी या शिकायत आई होगी, तभी वे दस्तावेजों की जांच कर रहे है।

वहीं, पूर्व चेयरमैन प्रतुल चक्रवर्ती ने अपने कार्यकाल में किसी भी तरह की अनियमितता से इनकार किया है और कहा कि सभी प्रमाणपत्र नियमों के तहत ही जारी किए गए थे।

# नर्स की अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कमरे से मिला फंदे पर लटका शव

एजेंसी

**बीरभूम।** जिले के सिउड़ी स्थित एक निजी अस्पताल में नाइट ड्यूटी पर तैनात 21 वर्षीय नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार सुबह अस्पताल के एक कमरे से उसका फंदे से लटका शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की। मृतका की पहचान अनुश्री माल (21) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह बुधवार रात करीब आठ बजे नाइट ड्यूटी पर अस्पताल पहुंची थी। गुरुवार सुबह अस्पताल के तीसरे केबिन का दरवाजा काफी देर तक बंद रहने पर कर्मचारियों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर अनुश्री का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर सिउड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मामले में अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार भी किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया इस बीच अस्पताल का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें अनुश्री अस्पताल के गलियारे से चलते हुए एक कमरे में प्रवेश करती दिखाई दे रही हैं। अगली सुबह उसी कमरे से उनका शव बरामद हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तृणमूल शासन में उत्तर बंगाल विकास विभाग बना था भ्रष्टाचार का अड्डा : मंत्री निशीथ प्रमाणिक

एजेंसी

कोलकाता, 23 जुलाई (हि. स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को उत्तर बंगाल विकास मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने पूर्व तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसके कार्यकाल में उत्तर बंगाल विकास विभाग भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया था।



उन्होंने कहा कि विभाग में अनियमितताओं के मामलों में अब तक 122 एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की शून्य सहिष्णुता की नीति जारी रहेगी। मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी एजेंसी या व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कई एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि अनेक को ब्लैकलिस्ट भी किया गया है। उन्होंने उत्तर बंगाल के समग्र विकास के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि विकास अब किसी एक जिले या विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी जिलों और क्षेत्रों में समान रूप से कार्य किया जाएगा।

निशीथ प्रमाणिक ने बताया कि पूरे उत्तर बंगाल में 100 पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां फूड प्लाजा, होम-स्टे और पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा कई स्थानों पर भारत-बांग्लादेश लैंड पोर्ट विकसित किए जाएंगे तथा प्रत्येक जिले में इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने के लिए विदेशों की तर्ज पर हाइड्रोलिक कार पार्किंग प्रणाली शुरू की जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को सुविधा मिलेगी। फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए मंत्री ने 'सिंगल विंडो सिस्टम' शुरू करने की भी घोषणा की, ताकि प्रोडक्शन हाउसों को सभी आवश्यक अनुमतियां एक ही स्थान पर मिल सकें।

पूर्व सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल के विकास के लिए बजट में जो राशि आवंटित की जाती थी, उसका एक-तिहाई से भी कम खर्च किया जाता था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वर्तमान सरकार उत्तर बंगाल के लिए आवंटित पूरी बजट राशि विकास कार्यों पर खर्च करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं, उनके सपनों और भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा:सम्राट चौधरी

**पटना।** नीट पेपर लीक और छात्रों के मुद्दे पर जारी सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गुरुवार को अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं, उनके सपनों और भविष्य के साथ किसी भी तरह का अन्याय या खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। सम्राट चौधरी ने कहा, ह्युवा हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनके सपनों और भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों को कानून के तहत सख्त से सख्त सजा मिलेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना मोदी सरकार की गारंटी है। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है, जब देशभर में युवाओं और छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर बहस तेज है। उन्होंने अपने संदेश के जरिए स्पष्ट किया कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में सरकार सख्त कार्रवाई के पक्ष में है। इस मुद्दे को लेकर बिहार विधानसभा और विधान परिषद में भी आज जोरदार हंगामा हुआ। विपक्ष ने छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध करते हुए सरकार को घेरा, जबकि सत्ता पक्ष ने प्रदर्शन के दौरान विधायकों और पत्रकारों पर कथित हमले का मुद्दा उठाया। दोनों सदनों में हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित हुई और विधानसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

### एसएसबी और पुलिस की कार्रवाई में 159 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**अररिया।** जिले में कुसार्कांटा प्रखंड के सोनामनी गोदाम थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। सोनमनी गोदाम थाना पुलिस ने एसएसबी के सहयोग से गुरुवार को कार्रवाई करते हुए 159 लीटर शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुसार्कांटा थाना क्षेत्र के हरिरा गांव निवासी नितेश कुमार मंडल पिता योगेंद्र मंडल और शिव कुमार मंडल पिता सोनेलाल मंडल के रूप में हुई है।इस संबंध में सोनामनी गोदाम थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि एसएसबी और पुलिस के सहयोग से शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इसी दौरान कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 159 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आगे की प्रक्रिया की जा रही है।पुलिस और एसएसबी की इस कार्रवाई के बाद शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# बारिश से गंगा के जलस्तर में वृद्धि, खतरे के निशान से चार मीटर दूर जलस्तर

एजेंसी

**भागलपुर।** नेपाल, उत्तराखंड और पहाड़ी जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, हालांकि गंगा नदी भागलपुर में अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही है। केंद्रीय जल आयोग और बाढ़ नियंत्रण विभाग लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। पिछले कुछ दिनों में गंगा के जलस्तर में प्रति 24 घंटे में 14 से 30 सेंटीमीटर तक की वृद्धि दर्ज की गई है।



भागलपुर और नवगछिया के इस्माईलपुर-बिंदटोली तटबंध (स्पर-07) पर गंगा का जलस्तर लगभग 29.02 से 29.78 मीटर के आसपास पहुंच गया है। भागलपुर में गंगा नदी का खतरे का निशान 33.68 मीटर है। नदी अभी खतरे के लाल निशान से करीब 3.5 से 4 मीटर नीचे बह रही है, जिससे फिलहाल बाढ़ का कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। गंगा का पानी इस्माईलपुर-बिंदटोली तटबंध के निचले हिस्से (टो) को छूने लगा है, लेकिन राहत की बात है कि तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं। भागलपुर के बूढ़ानाथ घाट पर बनी बाँस की चचरी पूरी तरह डूब चुकी है और पानी मंदिर परिसर की तरफ बढ़ रहा है। वहीं सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट पर पानी बढ़ने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग लगा दी है। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह अलर्ट पर हैं। कटाव रोधी और सुरक्षात्मक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

दियारा और अन्य निचले इलाकों (जैसे सुल्तानगंज, नाथनगर और कहलगांव के तटीय क्षेत्र) में रहने वाले लोगों को ऊपरी और सुरक्षित स्थानों पर जाने तथा सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून सक्रिय रहने के कारण आने वाले 4-5 दिनों तक जलस्तर में और वृद्धि देखने को मिल सकती है।

# छात्रों की आड़ में विपक्ष फैला रहा अराजकता : संजय सरावगी

एजेंसी

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के अध्यक्ष संजय सरावगी ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस, राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार नीट और पेपर लीक जैसे गंभीर विषयों पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन राहुल गांधी और पूरा विपक्ष चर्चा से बचकर छात्रों के आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहा है। संजय सरावगी ने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि छात्रों की समस्याओं के समाधान का है। सरकार संसद में जिस नियम के तहत और जितनी देर तक चर्चा करनी हो, उसके लिए पूरी तरह तैयार है। यदि विपक्ष के पास कोई ठोस सुझाव है तो उसे सदन में रखना चाहिए, लेकिन विपक्ष संसद का कामकाज बाधित कर देश का



समय बर्बाद कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की मंशा समाधान निकालने की नहीं, बल्कि भ्रम और अस्थिरता का माहौल बनाने की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं छात्रों के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को शीघ्र कठोर सजा दिलाने और मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए जा चुके हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में भी अनेक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए थे, लेकिन मोदी सरकार ने परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। अनेक आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और हाल के समय में तीन महत्वपूर्ण परीक्षाएं सफलतापूर्वक बिना किसी लीक के आयोजित की गई हैं।

# कटिहार में छात्रों का उग्र प्रदर्शन, समाहरणालय के पास पथराव के बाद पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी

**कटिहार।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के पास गुरुवार को केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। बिना अनुमति निकाले गए इस जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा समाहरणालय का मुख्य द्वार तोड़ने का प्रयास किया गया और पुलिस पर पथराव किया गया, जिसके जवाब में पुलिस ने हल्का बल (लाठीचार्ज) प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा। इस पूरी घटना में 7 से 8 छात्रों को गिरफ्तार किया गया है, और वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।



सुबह करीब 10:40 बजे नगर थाना अंतर्गत टाउन हॉल में मनीष कुमार के नेतृत्व में 100 से 150 छात्र एकत्र हुए थे। बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के इन छात्रों ने जुलूस निकाला, जो शहीद चौक, जीआरपी चौक, मिर्चाई बाड़ी चौक और अंबेडकर चौक से होते हुए समाहरणालय गेट के पास पहुंचा। प्रदर्शन के दौरान छात्र केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इस दौरान मौजूद भीड़ द्वारा कवरेज कर रहे मीडिया कर्मियों के खिलाफ भी गोदी मीडिया हाय-हाय के नारे लगाए गए।

जब भीड़ ने समाहरणालय के मुख्य द्वार को तोड़ने की कोशिश की, तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें पीछे धकेला, जिससे छात्र उग्र हो गए। उग्र छात्रों ने पानी की बोतलों और सड़क किनारे मौजूद पत्थरों से पुलिस बल पर पथराव शुरू कर दिया, जो लगभग 15 से 20 मिनट तक चला। प्रदर्शन की शुरूआत में पुलिस बल की संख्या कम थी और उनके पास बॉडी प्रोटेक्टर या हेलमेट भी मौजूद नहीं थे।

भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल के मौके पर पहुँचने के बाद दोपहर करीब 1:00 बजे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाया गया। घटनास्थल से पुलिस ने 7 से 8 छात्रों को गिरफ्तार किया है। वर्तमान में जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरीय अधिकारी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं और समाहरणालय के सामने भारी पुलिस बल तैनात कर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

इस पूरे घटनाक्रम पर कटिहार के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा है कि यदि कोई असंतुष्ट है, तो वे संवैधानिक और कानूनी माध्यमों से अपने विचार रख सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति या समूह सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है या बिना अनुमति के गैरकानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करता है, तो उनके खिलाफ निश्चित रूप से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नीट पेपर लीक, कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



**भागलपुर।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरूवार को भागलपुर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के साथ-साथ पूरी परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने की मांग की। भागलपुर समाहरणालय गेट पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और छात्र संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शन के कारण कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और परीक्षा एजेंसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं और पेपर लीक से देश के लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है। हक की मांग कर रहे मासूम छात्रों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई पूरी तरह से तानाशाही और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनम वांगचुक की पत्नी ने छात्रों पर लग रहे आरोपों को लेकर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे आंग्मो ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में शामिल छात्रों पर लगाए जा रहे आरोपों पर चिंता जाहिर की है। गीतांजलि आंग्मो ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, 'एक शिक्षक के तौर पर, मीडिया में अपने छात्रों की छवि खराब होते देखना मेरे लिए बहुत दुखद है। ये छात्र जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों को दोषी ठहराने के बजाए उनकी चिंताओं को सुनना चाहिए था। हमारे बच्चे सुरक्षा के हकदार हैं, न कि उन्हें विलेन के तौर पर दिखाए जाने के। उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए।' उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर दिल्ली में कहीं और हिंसा की खबरें आती हैं, तो कृपया बिना सबूत के उन्हें इस आंदोलन से न जोड़ें जो लोग इन युवाओं को सच में जानते हैं, उन्होंने इनका असाधारण धैर्य, अनुशासन और संयम देखा है।

### प्रधानमंत्री ने गुजरात में भारी बारिश को लेकर सीएम को दिया हरसंभव सहायता का आश्वासन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से टेलीफोन पर बातचीत कर हालात की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। गुजरात सरकार के सूचना विभाग के अनुसार, प्रधानमंत्री ने राज्य में लगातार हो रही भारी वर्षा के बीच राहत और बचाव कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता और सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगी। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बातचीत कर राज्य में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी। गृह मंत्री शाह ने गुजरात को इस संबंध में हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

### छात्रों के प्रदर्शन पर अन्ना हजारे ने केंद्र से संवाद की अपील की



**अहिल्यानगर।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन पर केंद्र सरकार से संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाने के बजाय उससे बातचीत की जानी चाहिए और जवाबदेही तय करना ही सुशासन की पहचान है। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में गुरुवार को अन्ना हजारे ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक दो घंटे का मौन आंदोलन किया। इसके बाद वे अपने गांव रालेगण सिद्धि के लिए रवाना हो गए। इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में हजारे ने दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और कथित पुलिस कार्रवाई को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में टकराव नहीं, बल्कि संवाद सबसे प्रभावी समाधान है। हजारे ने अपने पत्र में लिखा कि यदि किसी मंत्री की जवाबदेही तय कर इस्तीफा लिया जाता है, तो इससे सरकार कमजोर नहीं होती बल्कि यह पूरे मंत्रिमंडल को जिम्मेदारी का स्पष्ट संदेश देता है और शासन व्यवस्था अधिक जवाबदेह बनती है। अन्ना हजारे ने कहा कि देश के लाखों युवा पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में देरी और बढ़ती बेरोजगारी जैसी समस्याओं से परेशान हैं। इन मुद्दों को केवल कानून-व्यवस्था का विषय मानने के बजाय जनता की वास्तविक चिंता के रूप में देखा जाना चाहिए।

### विपक्ष का चर्चा से बचने का रहा है राजनीतिक इतिहास : नितिन नवीन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पूरा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, क्योंकि उन्हें मालूम है कि जैसे ही वे सदन के पटल पर आएंगे, उनका दोहरा चरित्र देश की जनता और युवाओं के सामने पूरी तरह जगजाहिर हो जाएगा। संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने विपक्ष को खुली चुनौती देते कहा कि सदन के पटल पर नीट सहित छात्रों और युवाओं से जुड़े हर विषय पर खुलकर चर्चा कीजिए। एनडीए सरकार हर विषय पर संवाद करने और हर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और विपक्ष का राजनीतिक इतिहास चर्चा से बचने का रहा है। यही कारण है कि वे सदन में बहस का सामना करने के बजाय उससे दूर भागते हैं।

### कनॉट प्लेस की सभी दुकानों को शाम 6.30 बजे तक बंद करने की अपील

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली व्यापार संगठन (एनडीटीए) ने गुरुवार को कनॉट प्लेस की सभी दुकानों और दफ्तरों को गंभीर हालात के कारण आज शाम 6.30 बजे तक बंद करने की अपील की है। संगठन का कहना है कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने टेलीफोन से इसकी सलाह दी है। नई दिल्ली व्यापार संगठन (एनडीटीए) ने आदेश जारी कर कहा कि कनॉट प्लेस की खराब स्थिति के कारण से सभी दुकानों, रेस्टोरेंट और दफ्तरों को आज शाम 6.30 बजे बंद कर दिया जाए। संगठन ने सभी व्यापारियों और संचालको से पूर्ण सहयोग की अपील की है ताकि किसी भी प्रकार के नुकसान से बचा जा सकें।

### अमित शाह ने असम के बाढ़ हालात की समीक्षा की, 80 से अधिक लापता



**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा से बातचीत कर असम की बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। राज्य में बाढ़ से अब तक 44 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बातचीत के दौरान अमित शाह ने राज्य को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल आज या कल असम पहुंचेगा। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा लगातार दूसरे दिन भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर रहे। उन्होंने गोलाघाट जिले में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और नुमलीगढ़ तथा गोलाघाट के कमारबंधा स्थित भास्कर सीनियर बेसिक स्कूल के राहत शिविरों का दौरा कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की तथा राहत कार्यों की समीक्षा की।

# वेदांता का नंद घर देशभर में लगातार बढ़ा रहा है अपनी पहुंच

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विकसित भारत 2047 के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के अंतर्गत वेदांता की प्रमुख सामाजिक पहल नंद घर ने भारत के 18 राज्यों और 76 जिलों में 15,000 केंद्रों का महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि कार्यक्रम के राष्ट्रीय विस्तार की तेज गति को दशार्ती है। नवंबर 2025 में 10,000 नंद घरों का आंकड़ा पार करने के बाद, इस पहल ने मात्र आठ महीनों में 5,000 नए केंद्र जोड़ लिए हैं। पिछले एक वर्ष में नंद घर ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार जैसे नए राज्यों में भी अपना विस्तार किया है, जिससे देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक-निजी भागीदारी पहलों में से एक के माध्यम से भारत के आंगनवाड़ी तंत्र को और सशक्त बनाया जा रहा है।

इस उपलब्धि पर शशि अरोड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), नंद घर ने कहा भारत की विकास क्षमता उसके बच्चों में निहित है। हमारे चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल के उस विजन से प्रेरित होकर, जिसमें

### झारखंड में लगभग 200 नंद घर संचालित



भारत की आंगनवाड़ियों को पोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के आधुनिक उत्कृष्टता केंद्रों में बदलने का लक्ष्य है, हमें गर्व है कि आज हमने 18 राज्यों में 15,000 नंद घर केंद्रों का मील का पत्थर हासिल किया है। प्रत्येक नया नंद घर भारत के भविष्य में किया गया एक निवेश है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराता है, वहीं महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर भी प्रदान करता है। यह उपलब्धि सरकारों, समुदायों और हमारे साझेदारों के साथ मिलकर एक स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण के हमारे संकल्प को और मजबूत करती है।

प्रत्येक नंद घर एक आधुनिक, प्रौद्योगिकी-सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र है, जहां प्रारंभिक बाल शिक्षा, पोषण, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और महिलाओं के कौशल विकास जैसी एकीकृत सेवाएं प्रदान की जाती हैं। यह पहल भारत सरकार के सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के दृष्टिकोण के अनुरूप है तथा बाल विकास, पोषण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के राष्ट्रीय प्रयासों को सशक्त बनाती है।

इस कार्यक्रम का प्रभाव उत्तर प्रदेश के खोजवा स्थित नंद घर में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजू दुबे जैसी प्रेरक कहानियों में स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने संवादात्मक शिक्षण, प्रत्येक बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से केंद्र को एक जीवंत शिक्षण स्थल में परिवर्तित किया है।

### मनीला में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री ने कहा

# वैश्विक व्यवस्था अस्थिर, संवाद से ही निकलेगा हल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व एशियाई देश फिलीपींस की राजधानी मनीला में गुरुवार को आयोजित दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने हिस्सा लिया। बैठक में क्षेत्रीय स्थिरता, समुद्री सुरक्षा, म्यांमार संकट, दक्षिण चीन सागर विवाद और पश्चिम एशिया संघर्ष जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में विदेश मंत्री ने कहा कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था अस्थिर और अनिश्चित है, जहां परस्पर निर्भरता और साझा हित प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के साथ मौजूद हैं।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि नई क्षमताओं, रिश्तों और चुनौतियों के कारण संरचनात्मक बदलाव हो रहे हैं। राजनीति और सुरक्षा अब अर्थव्यवस्था और दक्षता पर हावी हो रही है और जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। भारत इस वर्ष ईएएस की दो गतिविधियों की मेजबानी करेगा। इनमें कोच्चि में 7वां ईएएस सम्मेलन समुद्री सुरक्षा सहयोग पर और लोथल में ईएएस समुद्री विरासत महोत्सव शामिल है।


विदेश मंत्री ने कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था कई संघर्षों के प्रभाव से जूझ रही है और ऊर्जा, खाद्य व स्वास्थ्य सुरक्षा को हल्के में नहीं लिया जा सकता, खासकर ग्लोबल साउथ के लिए। उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष को समाप्त करने के लिए संवाद और कूटनीति को प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग सुरक्षित और बाधारहित रहने चाहिए और किसी भी परिस्थिति में नाविकों, नागरिक जहाजों या ढांचागत सुविधाओं पर हमले स्वीकार्य नहीं हो सकते।

उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर पर भारत ने एक प्रभावी, कानूनी रूप से बाध्यकारी आचार संहिता का समर्थन किया है, जो 1982 के यूएनसीएलओएस के अनुरूप हो और सभी उपयोगकर्ताओं के वैध अधिकारों को प्रभावित न करे। उन्होंने म्यांमार मुद्दे पर राजनीतिक समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि भारत आसियान के प्रयासों का समर्थन किया।

बैठक में उन्होंने कहा कि साइबर ठगी केंद्रों के खिलाफ गंभीर सामूहिक कार्रवाई जरूरी है। इन केंद्रों से बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक प्रभावित हुए हैं। भारत ने राहत और पुनर्वास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। भारत यूएनआरडब्ल्यूए का शीर्ष उभरता दाता है। भारत का मानना है कि दो-राज्य समाधान ही स्थायी शांति का रास्ता है।

# प्रधानमंत्री नीट पेपर लीक की जिम्मेदारी लें : प्रियंका

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक, छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार है कि सत्ता पक्ष के सांसद खुद संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सरकार बेहद कमजोर है, जो संसद नहीं चला पा रही। प्रियंका गांधी ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि युवाओं की जायज मांगों के लिए उन पर अत्याचार किया जा रहा है। लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री हर उपलब्धि का श्रेय लेते हैं, चाहे मंगल ग्रह पर जाने का हो या ओलंपिक में पदक जीतने का, लेकिन पेपर लीक की जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते। पिछले 10 वर्षों में 152 पेपर लीक हुए हैं और एक भी दोषी को सजा नहीं मिली। इसका श्रेय भी उन्हीं को है।

प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री ट्वीट करते हैं कि उन्हें बच्चों की चिंता है, लेकिन रात में उन्हीं बच्चों पर आंसू गैस छोड़ी जाती है और उन्हें पीटा जाता है। अगर मोदी जी हर उपलब्धि का श्रेय लेते हैं तो अब उन्हें जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। हजारों बच्चे सड़कों पर हैं, इंटरनेट बंद कर दिया गया है, उन पर लाठीचार्ज हो रहा है। अगर एक भी बच्चे को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की होगी।

### सीजेपी प्रमुख दीपके की तबीयत खराब



**नई दिल्ली। सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके की गुरुवार को तबीयत खराब हो गयी। उनको तेज बुखार है। यह जानकारी खुद दीपके ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी। दीपके ने लिखा, "पिछले कुछ दिनों से मुझे बुखार और शरीर में तेज दर्द है लेकिन अभी तक दर्द की दवा लेकर मैं काम चला रहा हूं। अगर आज आप मुझे जंतर-मंतर पर न देख पाएं तो माफ कीजिएगा। मुझे ठीक होने के लिए कुछ घंटे आराम करने की जरूरत है। शाम तक मैं विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर वापस आ जाऊंगा।"**

# आंध्र प्रदेश में एनएच-42 को चार लेन बनाने के लिए 679.71 करोड़ रु. मंजूर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में मुदिगुब्बा से कदिरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग-42 को दो लेन से चार लेन में विकसित करने के लिए 679.71 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस परियोजना से आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कई क्षेत्रों की बेंगलुरु-विजयवाड़ा-कोलकाता (बीकेवी) एक्सप्रेसवे, तिरुपति और चेन्नई तक बेहतर संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत मौजूदा दो लेन सड़क को पक्के कंधों (पेव्ड शोल्डर) सहित चार लेन राजमार्ग में बदला जाएगा। इस परियोजना से अनंतपुर और श्री सत्य साई जिलों के साथ-साथ कर्नाटक के कुछ हिस्सों से बीकेवी एक्सप्रेसवे, तिरुपति और चेन्नई तक निर्बाध संपर्क स्थापित होगा। इससे यात्रा और माल परिवहन में लगने वाला समय कम होगा, यातायात का दबाव घटेगा तथा क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि परियोजना में चार लेन मुख्य मार्ग, सर्विस रोड, एक फ्लाईओवर, एक वाहन अंडरपास-सह-रोड ओवर ब्रिज (वीयूपी-सह-आरओबी) तथा एक प्रमुख पुल का निर्माण किया जाएगा। इससे यात्रियों और मालवाहक वाहनों के लिए यात्रा अधिक सुरक्षित और सुगम होगी।

# नीट मुद्दे पर चर्चा को तैयार सरकार, लेकिन कांग्रेस ने रखीं शर्तें : रिजिजू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को पेपर लीक मामले को लेकर हंगामे के बीच केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन कांग्रेस ने बहस के लिए शर्तें रख दी हैं। रिजिजू ने कहा कि सरकार और सभी दल नीट पर लीक मामले पर चर्चा के लिए सहमत थे, लेकिन राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस ने चर्चा से पहले शर्तें रखीं। किरेन रिजिजू ने कहा कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं किया जाना



चाहिए। इस पर कोई शर्त नहीं रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार दोनों सदनों में बिना राजनीतिकरण किए इस मुद्दे पर चर्चा चाहती है। रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें पेपर लीक मामलों में दोषियों को जल्द और कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतें स्थापित करने की बात कही गई है। रिजिजू ने कहा कि सदन में कि सभापति चर्चा का समय तय करें। हम आज ही चर्चा के लिए तैयार हैं।

### प्रधानमंत्री का आज का बयान 'उकसाने वाला' : मल्लिकार्जुन खरगे

इस पर जवाब देते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री का आज का बयान 'उकसाने वाला' है। उन्होंने कांग्रेस का रुख दोहराते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान को निष्पक्ष चर्चा के लिए इस्तीफा देना चाहिए।

# असम में बाढ़ से हालात गंभीर, मृतकों की संख्या 44 हुई

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम में लगातार बरसात की वजह से बाढ़ के हालात बेहद गंभीर हो गये हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के 22 जुलाई के आंकड़ों के अनुसार, में एक दिन में कुल 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इस तरह राज्य में अब तक मरने वालों की कुल संख्या 44 हो गयी है। असम में खतरे के निशान से ऊपर बहने वाली नदियों में बुढ़ीदिहिंग (चेनिमारी, खोवांग), दिखौ (शिवसागर), धनसिरी (नुमालीगढ़), कुशियारा (श्रीभूमि) शामिल हैं।

### 11 जिलों की 653164 आबादी प्रभावित



मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित शिवसागर, चराईदेव एवं जोरहाट जिले का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। असम सरकार के मंत्री बिमल बोरा, केशव महंत, अजंता नेओग एवं विधायक लगातार प्रभावित इलाकों का दौरा कर लोगों को राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं।

बाढ़ के उच्चतम स्तर से ऊपर बहने वाली नदियों में दिसांग (नांगलामुराघाट) शामिल है। बाढ़ से वर्तमान समय में कुल 11 जिले प्रभावित हुए हैं। इनमें कार्बी आंगलोंग, गोलाघाट, चराईदेव, कामरूप, शिवसागर, जोरहाट, डिब्रूगढ़, नगांव, धेमाजी, होजाई, कामरूप (मेट्रो) शामिल हैं। बाढ़ से 11 जिलों के 40 राजस्व मंडलों के कुल 939 गांव प्रभावित है। राज्य की कुल 653164 आबादी एवं 24897.27 हेक्टेयर कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है।

राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए कुल 106 राहत शिविर एवं 381 राहत वितरण केंद्र समेत कुल 487 शिविर स्थापित किये गए हैं। राहत शिविरों में 24418 लोग आश्रय लिए हुए हैं। राहत वितरण केंद्रों पर 290826 गैर-शिविर निवासी सामग्री प्राप्त कर रहे हैं।

बाढ़ से 22 जुलाई को 10 लोगों की मौत हो गई। कार्बी आंगलोंग में 1, चराईदेव में 2, शिवसागर में 3, जोरहाट में 3 और धेमाजी में 1 व्यक्ति की मौत हुई है। इस बीच लापता होने वालों की संख्या शिवसागर जिले में 6 दर्ज की गयी है। बाढ़ से प्रभावित जानवरों की कुल संख्या 138965 दर्ज हुई है, जिसमें बड़े 57552, छोटे 38788 एवं मुर्गी-पालन 42625 दर्ज हुए हैं। इस बीच बाढ़ के पानी में कुल 107 जानवर बह गये, जिसमें बड़े 83, छोटे 04 और मुर्गी-पालन 20 बताये गये हैं।

बाढ़ में राहत एवं बचाय अभियान में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं (एफ एंड ईएस), सर्कल कार्यालय/स्थानीय प्रशासन, नागरिक सुरक्षा/प्रशिक्षित स्वयंसेवक और अग्निशमन विभाग जुटा हुआ है। प्रभावित इलाकों में राज्य सरकार ने कुल 11 मेडिकल टीमों को तैनात किया। 56 नावें भी राहत कार्य में जुटी रहीं। बाढ़ में फंसे 8409 लोगों को नावों द्वारा निकाला गया। 35 जानवरों को भी नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित शिवसागर जिले में राहत के कार्य में 1 हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया गया। हेलीकॉप्टर के जरिए बाढ़ में फंसे एक व्यक्ति को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

राज्य सरकार प्रभावितों को मुहैया करा रही राहत सामग्री

बाढ़ प्रभावितों के बीच राज्य सरकार की ओर से चावल (क्विंटल में): 3637.5254, दाल (क्विंटल में): 691.7632, नमक (क्विंटल में): 1522.3281, मस्टर्ड ऑयल/सरसों का तेल (लीटर में): 14029.133 साथ ही पशुओं का चारा - गेंहू का चोकर (क्विंटल में): 2026.84 और पशुओं का चारा - चावल का चोकर (क्विंटल में): 477.65 राहत सामग्री बांटी गई। बाढ़ से बड़े पैमाने पर सड़क, पुल एवं अन्य आधारभूत ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741